संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -317 बुधवार ,18 सितम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में लगाई रोक

» बड़ा आदेश दिया सर्वोच्च न्यायालय ने

**नई दिल्ली,17 सितम्बर 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई की तारीख 1 अक्टूबर तक न्यायालय की अनुमति के बिना भारत में कहीं भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाएगा। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि यह आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर किसी भी अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अगर अवैध रूप से तोड़फोड़ का एक भी मामला है, तो यह हमारे संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है।

### कोर्ट ने खड़ा किया ये सवाल

कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन के महिमामंडन पर सवाल खड़ा किया। कोर्ट ने कहा कि यह रूकना चाहिए। अदालत ने अगले आदेश तक देश में कहीं भी मनमाने ढंग से बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगाई। कोर्ट इस संबंध में दिशा निर्देश जारी करेगा। अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को होगी।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2022 में नोटिस दिया गया। उसके बाद बुलडोजर की कार्रवाई की गई। क्या यह कार्रवाई कानून के तहत की गई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अभी तक की गई बुलडोजर की कार्रवाई कानून के तहत की गई है। एसजी मेहता ने कहा कि यह कहना कि एक विशेष सम्प्रदाय के खिलाफ ही कार्रवाई की गई है,यह गलत है।




### अपराध में संलिप्तता घरों पर बुलडोजर चलाने का आधार नहीं'

इससे पहले गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि किसी अपराध मामले में कथित संलिप्तता वैध रूप से निर्मित मकानों को ध्वस्त करने का कोई आधार नहीं है. शीर्ष अदालत ने कहा है कि कानून के शासन द्वारा शासित देश में अधिकारियों द्वारा मकानों को तोड़फोड़ करने की धमकियों को अदालत नजरअंदाज नहीं कर सकता है.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत ऐसे तोड़फोड़ की कार्रवाई करने की धमकियों से अनजान नहीं हो सकता जो ऐसे देश में अकल्पनीय हैं, जहां कानून सर्वोपरि है. शीर्ष अदालत ने कहा है कि यदि इस तरह की कार्रवाई की जाती है तो यह देश के कानूनों पर बुलडोजर चलाने के रूप में देखा जा सकता है. सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल सैयद की दलीलों को सुनने के बाद किया। अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य पीठ ने कहा था कि आपराधिक मामले में आरोपी होने के आधार पर किसी के मकान पर बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता है। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा था कि आरोपी ही नहीं, आपराधिक मामले में दोषी ठहराने के बाद भी बुलडोजर से मकान को नहीं गिराया जा सकता है।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी जताई थी नाराजगी

बुलडोजर एक्शन पर इलाहाबाद हाई कोर्ट भी नाराजगी जता चुका है। आजमगढ़ में कानूनी प्रक्रिया अपनाए बिना बुलडोजर से घर गिराए जाने पर हाईकोर्ट ने नाराज़गी जताई थी। इस मामले में हाई कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा था कि ऐसी कौन सी परिस्थिति थी, जिसके चलते कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना याचिकाकर्ता के घर को गिरा दिया गया। कोर्ट ने इस मामले में यूपी सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा।आजमगढ़ के सुनील कुमार ने अपना घर गिराए जाने के बाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। जमीन विवाद को लेकर आजमगढ़ के एडिशनल कलेक्टर ने 22 जुलाई को सुनील कुमार का घर गिराने का आदेश जारी किया था। सुनील का आरोप था कि उसका पक्ष जाने बिना ही उसके घर पर बुलडोज़र की कार्रवाई कर दी गई। गुजरात के एक मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पहले भी बुल्डोजर जस्टिस पर सवाल खड़े किए थे. जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा था कि किसी शख्स के किसी केस में महज आरोपी होने के चलते उसके घर पर बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता. आरोपी का दोष बनता है या नहीं, यानी क्या उसने ये अपराध किया है, ये तय करना कोर्ट का काम है सरकार का नहीं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कानून के शासन वाले इस देश में किसी शख्स की गलती की सजा उसके परिजनों को ऐसी कार्रवाई करके या उसके घर को ढहाकर नहीं दी जा सकती। कोर्ट इस तरह की बुलडोजर कार्रवाई को नजरंदाज नहीं कर सकता।

## देश की संक्षिप्त खबरें

### 74 साल के हुए प्रधानमंत्री मोदी

#### राष्ट्रपति,अमित शाह, राजनाथ सिंह से लेकर विभिन्न नेताओं ने उन्हें बधाई दी



**नई दिल्ली,17 सितम्बर 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 74वां जन्मदिन मनाए। देश के प्रधानमंत्री मोदी 17 सितबंर 1950 को गुजरात के मेहसाणा में जन्में थे। वे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार तीन कार्यकाल पूरा कर चुके हैं. जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रपति, केंद्रीय मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री, भाजपा नेता और एनडीए नेताओं से लेकर विपक्षी नेताओं ने पीएम मोदी को शुभकामनाएं दीं. वरिष्ठ नेताओं ने उनकी लीडरशीप की तारीफ की। किसी मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को दूरदर्शी बताया तो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने उन्हें भारत का कप्तान कहा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं. उन्होंने पीएम मोदी को देश की समृद्धि और प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए सराहा। उन्होंने कहा कि मैं कामना करती हूं कि राष्ट्र पहले की भावना के साथ किए गए आपके प्रयास भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पीएम मोदी को बधाई दी। शाह ने पीएम मोदी मेहनत और दूरदर्शिता के माध्यम से देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बधाई दी. एक्स पर एक पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से आपके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की प्रार्थना करता हूं।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह केसः सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका



#### अब हाईकोर्ट में होगी हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई

**मथुरा,17 सितम्बर 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामले पर बड़ा फैसला दिया है। एससी ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। मुस्लिम पक्ष की ओर से हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की अपील गई थी। इस मामले की अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी।

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में उत्तर प्रदेश के मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट से मस्जिद कमेटी को बड़ा झटका लगा है। स्ट ने केस की सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट की सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

### शराब के नशे में धुत युवक नदी में कूदा,पीछे पड़ गया मगरमच्छ



**छतरपुर,17 सितम्बर 2024(ए)।** पन्ना मार्ग पर केन नदी के पुल से एक अज्ञात युवक ने छलांग लगा दी, जिसके बाद लगातार युवक की सर्चिंग की जा रही है ।बताया जा रहा है कि अज्ञात युवक मंडला की तरफ से आया और शराब के नशे में पुल पर वाहनों को रोक रहा था, और उसके बाद उसने पुल की रेलिंग पर चढ़कर नदी में छलांग लगा दी । काफी देर तक युवक नदी में तैरता दिखाई दिया,और फिर पानी की लहरों के बीच ओझल हो गया।

# आतिशी को मिली दिल्ली की कमान

» सरकार बनाने का दावा पेश किया, पूर्व सीएम हुए अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली,17 सितम्बर 2024(ए)।** जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल ने दो दिन के भीतर इस्तीफा देने का ऐलान किया था। अपने द्वारा की गई घोषणा के मुताबिक आज मंगलवार शाम केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ मुख्यमंत्री पद का नया चेहरा भी सामने आ चुका है। कई नामों के बाद आतिशी को केजरीवाल का उत्तराधिकारी चुना गया है। विधायक दल की मीटिंग में आतिशी का नाम प्रस्तावित हुआ था, जिसे सर्वसम्मति से सभी विधायकों ने स्वीकार किया है।

आज शाम अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इसके बाद आम आदमी पार्टी अपने सभी विधायकों की मदद से एक बार फिर सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। राज्यपाल के जरिए राष्टपति के सामने नई सरकार का दावा पेश किया जाएगा। राष्टपति द्वारा मंजूरी मिलते ही आतिशी मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेकर कार्यभार संभाल लेंगी। इसी बीच केजरीवाल का इस्तीफा मंजूर होते ही वो पूर्व मुख्यमंत्री के नाम से जाने जाएंगे और उन्हें अपना सरकारी आवास भी छोड़ना होगा।

केजरीवाल के इस्तीफा और आतिशी के मुख्यमंत्री बनने की खबर सामने आने के बाद से विपक्ष दल लगातार अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहा है। तरह तरह की प्रतिक्रियाओं और हमलों के बीच आतिशी ने स्वंय साफ किया था कि वो सिर्फ चुनाव तक मुख्यमंत्री रहेंगी। उन्होंने आगे की रणनीति बताते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ केजरीवाल को फिर से कुर्सी पर बैठाना है। इसके साथ ही आतिशी बोलीं कि उन्हें कोई बधाई ना दे, ना ही कोई माला पहनाए। राज्यसभा सांसद से मांगा इस्तीफा इसी क्रम में आतिशी के सीएम बनने के दिन ही पार्टी ने अपने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से इस्तीफा मांग लिया। स्वाति पार्टी से बगावत की राह पर चल रही हैं।

### आतिशी के सीएम बनने पर बीजेपी-कांग्रेस का हमला

**कहा पुपेट सीएम ऑफ देलही चेहरा बदल गया लेकिन...**

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी होंगी. अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद को छोड़ने के ऐलान के बाद आप आदमी पार्टी ने कई दौर की चर्चा के बाद आज मंगलवार को आतिशी के रूप में नई मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया। वह दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने वाली तीसरी महिला नेत्री हैं. दिल्ली में सत्ता परिवर्तन पर मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की ओर से भी प्रतिक्रिया भी आई है। बीजेपी ने कहा कि चेहरा बदल गया लेकिन पार्टी का भ्रष्टाचारी चरित्र वही है।

केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनाए जाने के ऐलान की खबरों पर दिल्ली के बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने मजबूरी में नया सीएम बनाया है क्योंकि वे चाह कर भी अपनी मन मर्जी का मुख्यमंत्री नहीं बनवा सके। मनीष सिसोदिया के कहने पर आतिशी को सारे विभाग दिए गए और अब उनके दवाब में ही आतिशी को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा, मैं यह कह रहा हूं कि चेहरा बदल गया है लेकिन आपका भ्रष्टाचारी चरित्र वही है.पुपेट सीएम ऑफ देलही

#### दिल्ली के लोग जवाब देंगे:बीजेपी

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इस चयन पर कहा,आप सरकार उस व्यक्ति का समर्थन करती है, जिसके परिवार ने अफजल गुरु की फांसी रोकने की कोशिश की थी। दिल्ली के लोग नक्सल समर्थकों को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा, आम आदमी पार्टी यह भी दिखाना चाहती है कि वह महिलाओं को कठपुतली समझती है, जैसा कि सौरभ भारद्वाज कह रहे थे कि नया सीएम कठपुतली सीएम होगा. दिल्ली के लोग इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

### अरविंद केजरीवाल ने दिया सीएम पद से इस्तीफा

अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है और वे एलजी दफ्तर से बाहर निकल आए हैं।



केजरीवाल के सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद सभी आप नेता एलजी दफ्तर से बाहर निकल आए हैं। बाहर निकलकर गोपाल राय ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, हमने आतिशी जी को नए सीएम बनाने का दावा पेश एलजी के सामने पेश किया है। साथ ही हमने उपराज्यपाल से शपथ ग्रहण की तारीख तय करने की मांग की है।

# पीएम मोदी ने अपने जन्मदिन पर ओडिशा को दी सौगात



### सुभद्रा योजना,रेलवे, राजमार्ग परियोजनाओं का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली,17 सितम्बर 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 74वें जन्मदिन के मौके पर ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी. पीएम मोदी ने राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमुख महिला-केंद्रित पहल, सुभद्रा योजना के अलावा अन्य रेलवे और राष्टीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारंभ किया. बता दें कि पीएम मोदी 12 जून को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद दूसरी बार ओडिशा की यात्रा पर पहुंचे हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के मौके पर ओडिशा में भगवान बलभद्र और भगवान जगन्नाथ की बहन देवी सुभद्रा के नाम पर सुभद्रा योजना की शुरुआत की. इस योजना के तहत राज्य की 21-60 वर्ष की आयु की सभी पात्र महिलाओं को 2024-25 और 2028-29 के बीच पांच वर्षों की अवधि में 50,000 रुपये दिए जाएंगे. इस दौरान हर साल लाभार्थियों को 10 हजार रुपये दो सिस्तों के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजे जाएंगे, इस स्कीम के जरिए सरकार एक करोड़ महिलाओं की आर्थिक मदद करेगी

# पीएम मोदी को मिले उपहारों की आज से शुरू होगी नीलामी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों की आज से नीलामी शुरू होगी. इस नीलामी में कुल 600 वस्तुओं की बोली लगाई जाएगी. केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के मुताबिक, पीएम मोदी को पिछले एक साल में मिले उपहारों एवं स्मृति चिह्नों की मंगलवार से नीलामी शुरू की जाएगी. इस बार नीलामी के दौरान कुल 600 वस्तुएओं को बेचा जाएगा. इन वस्तुओं में पैरालंपिक पदक विजेताओं से मिले स्पोर्ट्स शू, राम मंदिर की प्रतिकृति, चांदी की वीणा जैसी चीजें शामिल होंगी.

जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इन 600 वस्तुओं की आज से नीलामी शुरू होगी उनका आधार मूल्य कुल 1.5 करोड़ रुपये बताया जा रहा है. नीलामी से पहले केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सोमवार को नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में पीएम मोदी के स्मृति चिह्नों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि इन उपहारों की नीलामी के लिए आधार मूल्य का निर्धारण एक सरकारी समिति करती है. नीलामी में शामिल वस्तुओं की कीमत 600 रुपये से लेकर 8.26 लाख रुपये तक है. नीलामी की शुरुआत 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलेगी.

# जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के मतदान के लिए केंद्रों के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

» सात जिलों की कुल 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा



**श्रीनगर,17 सितम्बर 2024(ए)।** जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं. तीन चरणों में होने वाले मतदान के पहले चरण के लिए कल यानी बुधवार (18 सितंबर) को वोटिंग होगी. मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां मंगलवार सुबह मतदान स्थलों के लिए रवाना हो गईं। इस दौरान पोलिंग पार्टियों के साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बल नजर आए। पहले चरण में 7 जिलों की कुल 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा. जिनके लिए कुल 219 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।पहले चरण में कश्मीर संभाग में कुल 16 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा. इनमें पंपोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनपोरा, शोपियां, डीएच पोरा, कुलगाम, देवसर, डूरू, कोकरनाग (एसटी), अनंतनाग पश्चिम, अनंतनाग, श्रीगुफवारा-बिजबेहरा, शांगस-अनंतनाग पूर्व और पहलगाम शामिल हैं. जबकि जम्मू संभाग में 8 सीटों पर कल मतदान होगा. इनमें इंदरवाल, किश्तवाड़, पद्दर-नागसेनी, भद्रवाह, डोडा, डोडा पश्चिम, रामबन और बनिहाल में वोट डाले जाएंगे।

संपादकीय

## जमानत की शर्तें तर्कसंगत हो

यह कैसी विडम्बना है कि केजरीवाल जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं लेकिन जेल से बाहर आकर मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते! सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति में हुए कथित घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत दी थी। इसके दो महीने बाद 13 सितंबर को उसने सीबीआई के मामले में भी उनको जमानत दे दी। दोनों ही मामलों में जमानत की एक समान और बेहद कठोर शर्तें लगाई गईं। मुख्यमंत्री को जमानत देते हुए जैसी शर्तें लगाई गई हैं वह हैरान करने वाली हैं। क्योंकि खुद सर्वोच्च अदालत ने कई मामलों में कहा है कि जमानत देते समय सोच समझ कर शर्तें लगानी चाहिएं। केजरीवाल का मामला और भी आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि जब वे जेल में थे तब सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था कि वे जेल में रह कर सरकार के फैसलों से जुड़ी फाइलों पर दस्तखत कर सकते हैं या नहीं। लेकिन एक दूसरी बेंच ने उनको जमानत देते हुए फाइलों पर दस्तखत करने पर रोक लगा दी।सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने एक मामला आया था, जिसमें जेल काट रहे एक सजायाफ्ता याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिल्ली सरकार उसकी सजा माफ करने में देरी कर रही है। जजों ने इस बारे पूछा तो दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में बंद हैं इसलिए फाइलों पर दस्तखत नहीं कर पा रहे हैं, जिससे देरी हो रही है। तब अदालत ने एडिशनल सॉलिसीटर जनरल से पूछा था कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के लिए कोई प्रतिबंध आदेश है? बेंच ने कहा हम इसकी जांच करना चाहते हैं क्योंकि इससे सैकड़ों मामले प्रभावित होंगे। इस सवाल पर एडिशनल सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वे इस मुद्दे पर निर्देश लेंगी। इसके बाद कोर्ट को बताएंगी। यह पांच सितंबर का मामला है।इसके एक हफ्ते बाद 13 सितंबर को जस्टिस उज्ज्वल भुइंया और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने केजरीवाल को जमानत दी लेकिन कई शर्तों में एक शर्त यह लगा दी कि वे फाइलों पर दस्तखत नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं अदालत ने यह भी कहा कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जाएंगे। आमतौर पर जमानत में जो शर्तें लगाई जाती हैं जैसे आरोपी सबूतों व गवाहों से छेड़छाड़ नहीं करेगा या मुकदमे के बारे में बयानबाजी नहीं करेगा, जमानत के बॉन्ड भरेगा, जरुरत होने पर अदालत और एजेंसी के सामने पेश होगा आदि, ऐसी सारी शर्तें केजरीवाल पर भी हैं। लेकिन मुख्यमंत्री के ऊपर यह शर्त ज्यादती है कि वे कार्यालय नहीं जाएंगे और फाइल पर दस्तखत नहीं करेंगे। जमानत की शर्तें ऐसी होनी चाहिए, जो तर्कसंगत हो, व्यक्ति की निजी या सार्वजनिक जिम्मेवारियों के निर्वहन में बाधा नहीं डालती हो और उसके आत्मसम्मान पर चोट नहीं करती हो।

# संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के अपने ही दावे को भाजपा ने हाईकोर्ट में नकारा : ये खेल है सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का




झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में यह बात कहकर सनसनी फैला दी थी कि राज्य में संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण आदिवासियों की आबादी गिर रही है और उनकी जनसंख्या 16 प्रतिशत कम हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार के संरक्षण में ये घुसपैठिए आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और इसलिए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए।निशिकांत दुबे के इस आरोप को गोदी मीडिया ने हाथों-हाथ लिया और बड़े पैमाने पर आदिवासियों पर मुस्लिमों के अत्याचार और खास तौर पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के अत्याचार की कहानियां परोसी जाने लगी। आरएसएस-भाजपा के आईटी सेल ने जमीन संबंधी स्थानीय विवादों को कथित बंगलादेशी घुसपैठियों के साथ जोड़कर पेश किया और इसमें रोहिंग्या मुस्लिमों का तड़का भी लगाया। भाजपाई प्रचार माध्यमों द्वारा गढ़ी गई कहानियों को विश्वसनीय बनाकर पेश किया गया, ताकि उन्हें आम जनता के गले उतारकर आगामी विधानसभा चुनाव में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल खेला जा सके।भाजपा के मुस्लिम विरोधी प्रचार अभियान को और गाढ़ा करने के लिए अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य व भाजपा नेता आशा लकड़ा ने 28 जुलाई को एक पत्रकार वार्ता में संथाल परगना क्षेत्र की उन 10 आदिवासी महिला जन प्रतिनिधियों की एक सूची जारी की, जिनके पति मुस्लिम थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ये सभी रोहिंग्या मुसलमान व बंगला0देशी घुसपैठिये हैं, जिन्होंने आदिवासी महिलाओं को फंसाया हैं। इस प्रकार, इस सूची को भाजपा के कथित दावों के प्रमाण के रूप में प्रचारित किया गया। इसी बीच, एक खांटी भाजपा कार्यकर्ता ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की, जिसमें दावा किया गया था कि बंगलादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासियों से शादी कर ज़मीन लूटी जा रही है व घुसपैठ हो रही है। इस याचिका पर हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस नोटिस के जवाब में 12 सितम्बर, 2024 को दिए हलफ़नामा में भाजपा गठबंधन की केंद्र सरकार ने माना है कि हाल के ज़मीन विवाद के मामलों में बंगलादेशी घुसपैठियों का कोई जुड़ाव स्थापित नहीं हुआ है। अपने हलफनामा में उसने आदिवासी की जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आने की बात भी स्वीकार की है। इस प्रकार,भाजपा गठबंधन की सरकार ने ही भाजपा द्वारा इन स्थानीय विवादों को बंगलादेशी घुसपैठ का रंग देने के खेल को उजागर कर दिया है। यही है, भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा। लेकिन मीडिया में अब भी बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर भाजपा का दुष्प्रचार अभियान जारी है, जो बताता है कि नफरत की राजनीति करके और समाज को बांटकर चुनाव जीतने के लिए भाजपा कितनी लालायित है!भाजपा के इस दुष्प्रचार पर झारखंड जनाधिकार महासभा व लोकतंत्र बचाओ अभियान ने एक फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट जारी की है, जो भाजपा के इस दुष्प्रचार को पूरी तरह बेनकाब कर देता है। जनगणना के आंकड़ों की छानबीन करते हुए इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 1951 से 2011 के बीच हिन्दुओं की आबादी 24 लाख, मुस्लिमों की 13.6 लाख और आदिवासियों की 8.7 लाख बढ़ी है। अतः भाजपा का यह दावा कि हिंदुओं और आदिवासियों की आबादी घट रही है, पूरी तरह झूठा प्रचार है।अपने दावे को विश्वसनीय बनाने के लिए भाजपा का प्रचार है कि 1951 में संथाल परगना क्षेत्र में हिन्दुओं की आबादी 90.37 प्रतिशत थी,जो 2011 में घटकर 67.95 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट में इस दावे की भी पोल खोली गई है और बताया गया है कि 1951 की जनगणना में केवल 6 धर्म कोड (हिंदू, इस्लाम, सिख, ईसाई, जैन व बौद्ध) में जनगणना की गयी थी और आदिवासी समुदाय को हिंदू ही मान लिया गया था। लेकिन 2011 में अनेक आदिवासियों ने अपने को अन्य या सरना' में लिखित रूप में दर्ज कराया था। इस प्रकार, 1951 में इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या 23.22 लाख में आदिवासियों और हिंदुओं की संयुक्त आबादी 20.99 लाख थी, तो 2011 में यहां की कुल जनसंख्या 69.68 लाख में हिंदुओं की जनसंख्या (आदिवासी हिंदू सहित) बढ़कर, भाजपा के दावे के अनुसार ही, 47.35 लाख हो गई है और इसमें गैर-हिन्दू आदिवासी शामिल नहीं है। जनसंख्या के इन आंकड़ों और इसके विश्लेषण से स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में हिंदुओं की आबादी घटी नहीं है।तो क्या आदिवासियों की आबादी घटी है? जी नहीं, उनकी भी आबादी 1951 के 10.87 लाख से बढ़कर 2011 में 19.59 लाख हो गई है। आबादी बढ़ी है, लेकिन कुल जनसंख्या के अनुपात में उनका प्रतिशत 46.8 प्रतिशत से गिरकर 28.11 प्रतिशत रह गया हैं। आदिवासी आबादी की वृद्धि दर में आई इस गिरावट की भी फैक्ट फाइंडिंग टीम ने छानबीन की है और अपर्याप्त पोषण, स्वास्थ्य व्यवस्था में कमी, आर्थिक तंगी, जमीन से उनका अलगाव और रोजगार की खोज और बेहतर जीवन की आशा में पलायन को इसका कारण बताया है। ये ऐसे कारण हैं, जिनके लिए केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियां ही जिम्मेदार है और इसलिए आदिवासी आबादी में कम वृद्धि दर के लिए भी सीधे-सीधे सरकार ही जिम्मेदार है।इसी अवधि में मुस्लिमों की आबादी में इस क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई है, जिनका कुल आबादी में अनुपात 9.44 प्रतिशत से बढ़कर 22.73 प्रतिशत हो गया है। लेकिन इसका कारण बंगलादेशी मुस्लिमों की घुसपैठ नहीं है, बल्कि झारखंड के अन्य ज़िलों, बंगाल व बिहार से आए मुस्लिम हैं, जो यहां आकर बस गए हैं। केंद्र सरकार ने भी हाई कोर्ट में इस तथ्य को स्वीकार किया है। इनमें से कुछ मुस्लिमों का स्थानीय आदिवासियों से जमीन संबंधी विवाद चल रहा है, जिन्होंने आदिवासियों से ज़मीन अनौपचारिक दान-पत्र की व्यवस्था के जरिए खरीद लिया है। इन्हीं विवादों को भाजपा द्वारा आदिवासी बनाम बंगला देशी घुसपैठियों का रंग देकर प्रचारित किया जा रहा है। स्पष्ट है कि संथाल परगना टेनेंसी एक्ट का कड़ाई से पालन नहीं किया गया है, जो आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासी के हाथ में जाने से रोकता है। इसके लिए भी सरकार ही जिम्मेदार है।संथाल परगना के जिन गांवों में हिंसा की घटनाएं घटी हैं और जिन्हें भाजपा ने जोर शोर से उछाला है, वहां का दौरा करने पर फैक्ट फाइंडिंग टीम ने पाया कि इन गांवों में सांप्रदायिक हिंसा का कोई इतिहास नहीं है और जमीन संबंधी जो भी विवाद हुए हैं, वे स्थानीय नागरिकों के बीच ही हुए हैं। भाजपा ने किसी भी मुस्लिम के साथ हुए विवाद को बंगलादेशी घुसपैठिए के रूप में उछालने का घृणित काम किया है। फैक्ट फाइंडिंग टीम को इन गांवों के किसी भी व्यक्ति ने एक भी बंगलादेशी घुसपैठिये के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी। सबने बताया कि उन्हें घुसपैठ की बात सोशल मीडिया से ही मालूम हुई है। यहां तक कि तारानगर-इलामी में रहने वाले भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने भी इस टीम को बताया कि उनके क्षेत्र में रहने वाले सभी मुस्लिम वहीं के निवासी हैं।रिपोर्ट में बताया गया है कि फैक्ट फाइंडिंग टीम को संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं द्वारा हिंदू या मुस्लिम या गैर-आदिवासी पुरुष से शादी करने के कई उदाहरण मिले हैं, लेकिन इन सभी महिलाओं ने अपनी सहमति और आपसी पसंद से शादी की है। टीम को ऐसा एक भी मामला नहीं मिला, जिसमें किसी आदिवासी महिला की बंगलादेशी घुसपैठिये से शादी हुई हो और न ही स्थानीय ग्रामीणों को ऐसे किसी मामले की जानकारी है। टीम ने पाया कि अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने जिन 10 महिलाओं की सूची जारी की थी, उनमें से 6 महिलाओं ने स्थानीय मुस्लिमों से शादी की है और तीन के पति तो आदिवासी ही हैं। इससे भाजपा का यह दावा भी ध्वस्त हो जाता है कि आदिवासियों की जमीन हथियाने के लिए बंगलादेशी घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादियां कर रहे हैं, जिसके कारण आदिवासियों की जनसंख्या में गिरावट आ रही है।स्थानीय प्रशासन ने उच्च न्यायालय में कहा है कि क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठिये नहीं हैं। चुनाव आयोग द्वारा बनाई टीम (जिसमें भाजपा के सदस्य भी थे) ने भी अपनी जांच में कुछ नहीं पाया है। इसके बावजूद भाजपा लगातार बांग्लादेशी घुसपैठिये, लैंड जिहाद, लव जिहाद आदि के नाम पर साम्प्रदायिकता व झूठ फैला रही है, तो इसका बहुत ही खुला एजेंडा है। और वह एजेंडा है: झारखंड में हिंदुओं, मुस्लिमों और आदिवासियों के बीच सांप्रदायिक विभाजन करके, उनमें दरार पैदा करके चुनावी वैतरणी पार करना। अपने इसी दुष्प्रचार को विश्वसनीय बनाने के लिए अब भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को इस काम में लगा दिया है। लेकिन जनता सब समझ रही है और लोकसभा चुनाव से शुरू हुआ भाजपा की हार का सिलसिला झारखंड में रुकने वाला नहीं है।

-संजय पराते-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## हमर पितर अउ हमर कउँवा



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

पितर पाख ह कुँवार महीना के अंधियारी पाख के एक्कम तिथि ले लेके अमावस तक चलथे। पंदरा दिन तक घरोघर बरा, सोहारी, गुलगुला भजिया, खीर बनाके पुरखा मन ला गुड़ अउ घींव के हुम दे जाथे। बताए हे की गुड़ अउ घी के हुम ला पितर पाथे। पितर पाख मा तो अबड़ नियम-धियम रहिथे,



फेर आज कल के वातावरण अउ व्यस्थता ला चलते धीरे-धीरे बदलत जात हे; अउ कम होवत हे। पर पितर ह सिरिफ बरा, सोहारी राँध-राँध के खाय बर नइ मनाये जाए; भलुक येमा मनखे के संग-संग हमर पर्यावरण अउ पशु-पक्षी घलो जुड़े रहिथे। आजकल मनखे मन हा सोचथे की पितर ल नइ मनाबो त का हो जाही। नहीं...नहीं...। येकर नइ मनई हर हमर पर्यावरण अउ पशु-पक्षी के विनाश के कारण घलो बन सकत हे। हमर सियान मन बोलय की हुम देये के बाद रोटी-पीठा ल छानही म फेंक देहू। कउँवा मन आहीं अउ खाहीं त समझ लेहू की पितर मन आ के खावत हें, त घर म जेन नान-नान लोग-लइका रहय तेन मन हर बबाङ्कदाई मन के मजाक उड़ावँय; कइसे बोलथस बबा....! मरगे तेन मन कोनों कउँवा बन के आहीं गा......।

पर ..... हमर पुरखा मन घलो जेन काम करे अउ बताये ते सोला आना सच रहय, भले हमन बात ल हँसी-मजाक म टाल देतव रहेन।

अइसे घलो माने जाथे कि त्रेतायुग म भगवान इंद्र के बेटा ह सबले पहिली कउँवा के रूप धरे रिहिस, अउ जयंत ह माता सीता के तीर म जा के ओकर पाँव म चोंच मार दिस। उही बेरा भगवान श्रीराम जी ह तिनका बाण चला के जयंत के आँखी ल फोर दिस। जयंत ह रोवत-गिड़गिड़ावत भगवान राम जी ले माफी मांगिस, उही बेरा राम जी अपन दयालु स्वभाव ले माफ करके जयंत ल वरदान दिस कि तोला पितर पाख म परसे खाना ह मिलही अउ पितर के रूप माने जाही। कउँवा ह प्राकृतिक कारण ले नइ मरे, भलुक कोनो मार दिही या बीमारी ले ही मरथे, काबर की समुद्र मंथन के बेरा म कउँवा अमृत पीये रिहिस; अइसे बताए हे।

वइसे हमर पुरखा मन प्रकृति ले बहुते-जादा जुड़े रिहिन हें। रुखराई, चिरई-चिरगुन ले बड़ मया करें। पर्यावरण ल सजा के राखें।
कउँवा मन ल खाये बर देये के ये कारण घलो बताए हे कि भादो महीना म मादा कउँवा मन अंडा दे थे। अपन लइका ल छोड़के जादा दुरिहा नइ जा सकय, ते पाय के घरोघर के छानही या बरेंडी म जा-जाके दानाङ्कपानी के बेवस्था कर पाथे, पर अब दिनों-दिन कउँवा के संख्या कम होवत हे।

एकठन बात जनई जरूरी हे कि कउँवा मन ह पीपर अउ बर के बीजा ल खाथें; ओ मन ह ये बीजा ल खा के कोनों जगह बीट कर देथें, जेकर ले बर अउ पीपर के पौधा जगह-जगह जाग जाथे। येकर ले हमर वातावरण शुद्ध होथे। आजकल कउँवा ल बचई बहुत जरूरी हे। येकर जनसंख्या बहुत कम होगे हे। देखे बर नइ मिले। बरगद-पीपर के रूख म आक्सीजन के मात्रा बहुत अधिक पाए जाथे ; ते पाय के पर्यावरण ल सरेखे बर पुरखा मन ये उपाय ल करे हें।

पितर मा तोरई तरकारी के अब्बड़ महत्व हे। तोरई के साग अउ ओकर पत्ता के अब्बड़ महत्व बताये हे। येकर बिना पुरखा मन नइ तरँय। तोरई के अर्थ ही तारना हे। तोरई के साग अउ ओकर पत्ता म रख के परसे जाथे। मोर मयारू संगवारी हो....! ये कहानी नो हरय; सही बात आय। हमर पुरखा मन बताए बात ल माने बर हमन पाछू नइ घुँच सकन। अब्बड़ सोच-बिचार करके पुरखा मन हर बात ल रखे हें। हमन ल पर्यावरण के सुरक्षा करई घलोक बहुत जरूरी हे। आप जम्मों झन ले मोर हाथ जोड़ के बिनती हे की ये हमर पुरखा मन के माना ल बनाए राखहू। जय जोहार....!

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# हार्ट अटैक की दोषी पाम ऑयल

हार्ट अटैक वाले ज्यादातर लोगों की उम्र 50 साल से कम है। यदि आप सोच रहे हैं कि इस सबके पीछे आपकी जीवन शैली है तो ऐसा सही है। परंतु आपकी जीवन शैली में ऐसी कौनसी कमी है जो हार्ट अटैक का कारण बन रही है? आपको जानकर हैरानी होगी कि इसका दोषी पाम ऑयल है। साल 2022 में भारत में पाम ऑयल की खपत आठ मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हुई थी।दिल-ए-नादाँ तुझे हुआ क्या है, आखिर इस दर्द की दवा क्या है। मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब की यह गज़ल काव्यात्मक और रूपकात्मक रूप से जीवन के शाश्वत व मौलिक प्रश्न पूछती है। ग़ालिब की यह प्रसिद्ध गज़ल, वास्तविकताओं को काव्यात्मक रूप से व्यक्त करने की कुशलता का एक बेहतरीन उदाहरण है। परंतु आज हम जिस विषय को उठा रहे हैं वह इससे भी ज़्यादा गंभीर है। हृदय रोग से संबंधित बीमारियों और उनसे होने वाली जवान मौतों के बढ़ते हुए आँकड़े हम सभी के मन में कुछ अहम सवाल पैदा कर रहे हैं। कुछ लोग इसे कोविड के लंबे असर से भी जोड़ रहे हैं परंतु कोविड के अलावा भी अन्य कारण हैं जो अल्पायु में हृदय रोग को बढ़ावा दे रहे हैं।ज़्यादातर देखा गया है कि दिल का दौरा या हार्ट अटैक 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों आता है। दिल का दौरा पडने़ के और कारणों में से प्रमुख है मधुमेह या शुगर के मरीज़ और ब्लड प्रेशर के मरीज़। इन मरीज़ों में हार्ट अटैक की संभावना काफ़ी अधिक होती है। इसके साथ ही धूम्रपान करने वाले व्यक्ति भी दिल के मरीज़ कब बन जाते हैं इसका पता नहीं चलता।इसका कारण यह है कि धूम्रपान करने से दिल का दौरा पडने़ की संभावना तीन गुना बढ़ जाती है। धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को जब पता चलता है कि वो दिल का मरीज़ बन गया है तब तक काफ़ी देर हो जाती है। 40 वर्ष की आयुवर्ग के लोगों को दिल का दौरा पडऩा अधिक धूम्रपान करने की वजह से होता है। साथ ही जो व्यक्ति तनाव की ज़िंदगी जीते हैं, नियमित व्यायाम नहीं करते, बेवजह और हर समय जंक फ़ूड का सेवन करते हैं। वे भी इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आ जाते हैं।क्या कभी आप ने सुना है किसी हट्टे-कट्टे व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई? पिछले कुछ वर्षों से ऐसी तमाम खबरें सामने आ रही हैं जहां व्यक्ति अपने रोज़मर्रा के काम या आराम के समय अचानक बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। मृत्यु का कारण दिल का दौरा। कुछ लोग इसे चीन से आए कोरोना के वायरस का साइड इफ़ेक्ट बता रहे हैं।एक शोध के अनुसार अमेरिका में कोविड से ठीक हुए व्यक्तियों में 20 तरह के हृदय रोग के लक्षण पाए गए। इनमें उन लोगों के मुक़ाबले, जिन्हें कोविड नहीं हुआ, हृदय गति रुक जाने या हार्ट फेल होने की संभावना 72 फ़ीसद अधिक पाई गई। इनमें औरों के मुक़ाबले स्ट्रोक आने की संभावना भी 17 प्रतिशत अधिक पाई गई।हाल ही में इमरजेंसी मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (ईएमआरआई) की एक रिपोर्ट सामने आई है । जिसके नतीजे कहते हैं, हार्ट अटैक वाले ज्यादातर लोगों की उम्र 50 साल से कम है। यदि आप सोच रहे हैं कि इस सबके पीछे आपकी जीवन शैली है तो ऐसा सही है। परंतु आपकी जीवन शैली में ऐसी कौनसी कमी है जो हार्ट अटैक का कारण बन रही है? आपको जानकर हैरानी होगी कि इसका दोषी पाम ऑयल है।इतना ही नहीं यह पाम ऑयल मदिरापान और धूम्रपान से कहीं अधिक खतरनाक है। सोशल मीडिया में मुंबई के जगजीवन राम अस्पताल के डॉक्टर पी के समांतराय का एक संदेश काफ़ी चर्चा में है। वे कहते हैं कि, दुनिया में भारत पाम ऑयल का सबसे बड़ा आयातक है। हमारे देश में पाम ऑयल माफिया बहुत ताक़तवर है। इनके कारण हमारे बच्चे, जो देश का भविष्य हैं, एक बड़े ख़तरे में जी रहे हैं।आज हमारे देश में पाम ऑयल के बिना कोई फास्ट फूड नहीं मिलता। यदि आप किराने की दुकान पर जाते हैं और पाम ऑयल के बिना बच्चों के लिए कोई खाद्य पदार्थ लेने का प्रयास करें तो आप सफल नहीं होंगे। देश में ज़्यादातर बिस्किट और चॉकलेट भी बिना पाम ऑयल के नहीं बनते।÷डॉ समांतराय आगे कहते हैं कि, ÷हमें विज्ञापनों के द्वारा यह विश्वास दिलाया जाता है कि ऐसे खाद्य पदार्थ स्वस्थ हैं । लेकिन हम जानलेवा पाम ऑयल या पामिटिक एसिड के बारे में कभी नहीं जानते थे। लेज़' जैसी बड़ी कंपनियां पश्चिमी देशों में अलग तेल बेचती हैं और भारत में पाम ऑयल का इस्तेमाल सिर्फ इसलिए करती हैं क्योंकि यह सस्ता है। जब भी हमारा बच्चा पाम ऑयल युक्त उत्पाद खाता है, तो मस्तिष्क अनुचित व्यवहार करता है और हृदय के आसपास और हृदय में वसा स्रावित करने का संकेत देता है। जिससे बहुत कम उम्र में मधुमेह हो जाता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि कम उम्र में मरने वाले 50 प्रतिशत लोग मधुमेह और हृदय रोग से मरेंगे। पाम ऑयल माफिया ने हमारे बच्चों को दिल की सुरक्षा करने वाले फलों और सब्जियों को छोड़कर जंक फूड का आदी बना दिया है। अगली बार जब आप अपने बच्चे के लिए कुछ खरीदें, तो उत्पाद का लेबल देखें।÷ जिस खाद्य पदार्थ में पाम आयल हो उसे कभी न लें। साथ ही हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार दिल के रोग को हल्के में न लें और दिल के प्रति सतर्क रहें।समय समय पर होने वाले शोध भी बताते हैं कि रेडी-टू-ईट और पैकेज्ड फूड्स में अक्सर पाम ऑयल होता है। जो हमारे सेहत को कई नुकसान पहुंचा सकता है। पाम ऑयल में सैचुरेटेड फैट काफी मात्रा में पाई जाती है। यह बॉडी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ाता है। इसके कारण दिल की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। साल 2022 में भारत में पाम ऑयल की खपत आठ मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हुई थी। यदि हमें अपने हृदय को स्वस्थ रखना है तो अपनी जीवन शैली में उचित सुधार लेन होंगे और अपने बच्चों को भी स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा, वरना भारत में हृदय रोग के आँकड़े बढ़ते ही रहेंगे।



-रजनीश कपूर-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## सृजनहार विश्वकर्मा जी



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़



सृजन का, तू ही प्रतीक है
शिल्पकला में, तू सटीक है।

देव-शिल्पी तू, विश्वकर्मा है
विश्व का तू, निर्माणकर्ता है।

मेहनत, श्रम का, तू मूल है
रचना करने में तू अतुल है।

सर्जन का तू ही, आधार है
कर्मठता, तूझमे आपार है।

नव-निर्माण में, तू अग्रणी है
मानव का तू मंगलकरणी है।

स्वर्ग-नर्क का, निर्माणक है
मृत्युलोक का, तू सृजक है।

आदि-विज्ञान का, तू दाता है
जड़-चेतन का तू रचयिता है।

ब्रम्हपुत्र तू ही, तो कहलाता है
सब जीवों को तू सम्हालता है।

तेरे चरणों मे ही शीश नमन है
तुझको मेरा, शत-शत नमन है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# धूमधाम से भक्तों ने किया भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

भक्तों ने धूमधाम के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन गया। नाचते गाते हुए बड़े उत्साहित भक्तों ने भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ शहर भ्रमण करते हुए मनोरम झांकी निकाली।अंबिकापुर के कई जगहों पर स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन के मद्देनजर बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति अंबिकापुर द्वारा घड़ी चौक पर बृहद रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की आरती से की गई। गणेश पूजन समितियों द्वारा मनमोहक दर्शनीय झांकी निकाली गई। घड़ी चौक पर बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति द्वारा सभी झांकियों का स्वागत एवं पूजन किया गया। झांकियों में प्रमुख रूप से सिंह क्लब सेवा समिति भट्ठी रोड़ गली, मनोज गुप्ता जयस्तम्भ चौक, जागृति नव युवक मण्डल जयस्तम्भ चौक,देवीगंज रोड नव निर्माण मंच देवीगंज रोड,देवीगंज रोड सेवा समिति, सत्तीपारा सेवा समिति, गजानन्द सेवा समिति रोड, महावीर वार्ड केदारपुर गणेश सेवा समिति, साई क्लब गणेश उत्सव समिति चर्च रोड़, श्री राम सेना सेवा समिति चर्च रोड, श्री गजानन्द सेवा समिति ठनगन पारा, सत्तीपारा नेहरू वार्ड सती मंदिर,प्रिंसेज कॉटेज तुर्रा पानी, किन्नर समाज महादेव गली, बोरिपारा नीव सेवा समिति शिकारी रोड, देवीगंज नवनिर्माण सेवा समिति,बसदेवा पारा सेवा समिति, साई सेवा समिति चर्च रोड, रिद्धि सिद्धी सेवा समिति भट्ठी रोड, सिद्धि विनायक सत्तिपारा एवं अन्य झांकियों ने भाग लिया। गणेश भक्तों ने मंगलवार को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही धूमधाम से किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना के साथ विदाई दी। पूरे दस दिनों तक भक्तों के बीच रहे भगवाण गणपति की विदाई दी गई। इस दौरान भक्तों ने नाचते गाते और अबिर गुलाल लगाकर बप्पा को विदाई दी। गणपति की प्रतिमाओं को के विसर्जन को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा पहले ती तैयारी कर ली गई थी। जुलूस के दौरान कोई भी अराजक तत्व खलल पैदा न कर सके, इसे लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना था। एसपी सुनील शर्मा, एएसपी पुपलेश कुमार व सीएसपी सुरक्षा के कमान संभाले हुए थे। शहर के हर चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात कि गए थे।

# होम गार्ड बनने संभाग भर की महिलाओं ने लगाई दौड़

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के पीजी कॉलेज ग्राउंड होम गार्ड की भर्ती प्रक्रिया 16 सितंबर से शुरू हो गई है। पहले चरण में महिला अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट किया जाना है। यह प्रक्रिया 28 सितंबर तक चलेगी। पहले दिन केवल डॉक्यूमेंट जांच, हाइट की जांच की गई। मौसम खराब होने के कारण दौड़ नहीं हो सका। वहीं प्रक्रिया के दूसरे दिन मंगलवार को 700 महिला अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। जिसमें 475 अभ्यर्थी शामिल हुए। हाईट पूर्ण न होने के कारण 89 अभ्यर्थियों को छांट दिया गया। वहीं डॉक्यूमेंट वेरिफकेशन में 377 अभ्यर्थि शामिल हुए। जिसमें 3 अपूर्ण पाए गए। शेष 374 अभ्यर्थियों का लंबी कूद, ऊंची कूद व 800 मिटर का दौड़ कराया गया। नगर सेना के संभागीय कमांडेंट राजेश पांडेय ने



बताया कि भर्ती पक्रिया की पारदर्शिता के लिए 11 सीसीटीवी कैमरे लगए गए हैं। वहीं अभ्यर्थियों के पैर में चीफ भी लगाए गए हैं। इससे समय व दूरी का सही पता चल पाएगा। भर्ती प्रक्रिया हैदराबाद की टिआरपी कंपनी द्वारा काराई जा रही है। नगर सेना के संभागीय कमांडेंट राजेश पांडेय ने बताया कि होम गार्ड के लिए 530 पदों पर भर्ती पक्रिया होनी है। इसके लिए सरगुजा संभाग से 15 हजार 125 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है। पहले चरण में फिजिकल टेस्ट के लिए महिलाओं को शामिल किया गय है। पुरूषों का फिजिकल टेस्ट 23 से 27 सितंबर तक चलेगए। पुरूषों के लिए दौड़ में 800 मिटर के अलाव 100 मिटर और शामिल किया गया है। चयनित महिलाओं को छात्रावास और आश्रमों की सुरक्षा के लिए लगाया जाएगा। इसके लिए 530 पद है। जिसमें 430 पद महिला नगर सैनिक 100 पद जनरल ड्यूटी के लिए है। जिसमें 75 पुरूष व 25 महिला के लिए चयनित है। फिजिकल टेस्ट के बाद नवंबर में रिटेन परीक्षा होगा। रिटेन परीक्षा व्यामपं द्वारा लिया जाएगा।

# भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में पूजा, हवन में शामिल होने उमड़े लोग

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

मैरिन ड्राइव तालाब के पास स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में 17 सितम्बर को सार्वजनिक श्री विश्वकर्मा पूजन समारोह भक्तिभाव से मनाया गया। श्री विश्वकर्मा सेवा समिति द्वारा पूजा के लिए भव्य तैयारियां की गई थी। भगवान श्री विश्वकर्मा की जयकार से पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा था। श्री विश्वकर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष जय सियाराम विश्वकर्मा के नेतृत्व में 16 सितम्बर, सोमवार से ही पूजन कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हो गई थी। इसी क्रम में शुरू अखंड रामायण पाठ का समापन मंगलवार को दिन में 11 बजे हुआ। इसके बाद श्री विश्वकर्मा चालीसा के पाठ का वाचन किया गया। दोपहर 12 बजे से शुरू श्री विश्वकर्मा पूजा और हवन, आरती में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके बाद प्रसाद वितरण व भंडारा का आयोजन किया गया। संध्या 7 बजे पुन- महाआरती हुई, जिसमें सपरिवार लोग शामिल हुए। मंदिर के बाहर वाहनों की लाइन पूजा करवाने के लिए लगी थी। कल 18 सितम्बर, को दोपहर 12 बजे से कीर्तन मंडली के साथ



भगवान श्री विश्वकर्मा की शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकलेगी, इसका समापन शंकरघाट में होगा। पूजन कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा, विनय विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा, रंजन शर्मा, राकेश विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, बिगन विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में हर समाज के लोग शामिल हुए।

# धार्मिक जुलूस के दौरान चार पहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करने के मामले में एफआईआर दर्ज

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

एक विशेष सामुदाय के कुछ लोगों द्वारा धार्मिक जुलूस के दौरान चार पहिया वाहनों में हुड़दंग और खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने 5 कार चालकों पर धारा 125, 281, 123 व 184 के तहत एफआईआर दर्ज किया है।

15 अक्टूबर की शाम को एक विशेष सामुदाय द्वारा शहर के रैली निकाली गई थी। शाम करीब 4 से 4.30 बजे की बीच महामाया चौक से घड़ी चौक के बीच करीब 25-30 कार चालक खतराक स्टंट दिखाते हुए वाहन चला रहे थे।

कुछ लोक वाहन का गेट खेलकर स्टंट दिखाते सोशल मीडिया पर वीडिया वायरल हुआ था। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 15 ईसी 9024, सीजी 15 ईए 3384, जेएच 05 एफ 2078, सीजी 15 8218, सीजी 15 डीसी 6786 व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




# वायुमंडल में व्याप्त ओजोन परत का संरक्षण बेहद जरूरी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज अंबिकापुर भूगोल विभाग द्वारा 16 सितंबर को अवकाश होने की वजह से 17 सितंबर को ओजोन दिवस मनाया गया। विभाग की स्नातक व स्नातकोत्तर की छात्राओं ने रैली के माध्यम से ओजोन संरक्षण की गुहार लगाई साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इसके संरक्षण के संबंध में सभी को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

समस्त कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा मिश्रा, चंदा यादव, मनीषा राजवाड़े, साप्रा भूगोल के संयोजन में तथा प्राचार्य सिस्टर शांता जोसेफ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ उपप्राचार्य डॉ. सिस्टर मंजू टोप्पो द्वारा विद्यार्थियों को दिए शुभकामना संदेश से हुआ। उन्होंने ओजोन परत के संरक्षण की महत्ता के संदर्भ में बात की।

# 27 सितंबर को सामूहक अवकाश पर रहेंगे प्रदेश के कर्मचारी




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संभाग सरगुजा द्वारा 16 सितंबर को पालीटेक्निक कालेज में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी, सतीश मिश्रा, ओंकार सिंह, वीपी शर्मा उपस्थिति थे। इस में 27 सितंबर को प्रदेश के समस्त कर्मचारी सामूहिक अवकाश आवेदन भरकर हड़ताल पर रहेंगे। मुख्य बिंदू केन्द्र समान मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, चर स्तरीय वेतनमान, अन्य विषयों को लेकर व्यापक रूप विचार विमर्श किया गया। सरकार इसके बावजूद हमारे मांगों पर विचार नहीं करेगी तो आने वाले समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल आंदोलन किया जाएगा।

इस बैठक का संचालन कमलेश सोनी अध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सरगुजा द्वारा किया गया। इस बैठक में अशोक यादव अध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला कोरिया, डॉ आरएस सिंह अध्यक्ष सूरजपुर, रमेश तिवारी बलरामपुर, संतोष ताण्डे जशपुर, आरजे पाण्डेय प्राचार्य, संतोष गुप्ता ईपी डब्लू डी, शकर सुवन मिश्रा, डॉ सीके मिश्रा, अजीत सिंह, नितेश पाण्डेय, नवीन केशरी, विजेन्द्र यादव, हरिशंकर सिंह, राजेश्वर सिंह, शीतल बहादुर, शैलेन्द्र वर्मा, आशुतोष दुबे, संजय यादव, राजेश रावत आदि उपस्थित थे।

# लोन वापसी का दबाव बर्दास्त नहीं कर पाया वृद्ध,जहर सेवन करके दिया जान

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**



माइक्रोफाइनेंस कंपनी से लोन लेने के बाद वापसी के लिए बन रहे दबाव को वृद्ध बर्दास्त नहीं कर पाया और कीटनाशक का सेवन करके जान दे दिया। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस अग्रिम जांच, कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डिगमा का बुजुर्ग घरभरन बरगाह माइक्रोफाइनेंस कंपनी से लोन लिया था। वह लोन की राशि वापस नहीं कर पा रहा था। इधर माइक्रोफाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट आए दिन उसे लोन की राशि पटाने के लिए परेशान कर रहे थे। मृतक के पुत्र आकाश और पत्नी का कहना है कि उनके पास लोन का रकम पटाने के लिए रायपुर से नोटिस आया था, इसके बाद वे स्थानीय माइक्रोफाइनेंस कार्यालय में जाकर साहब से मिले, तो उन्होंने कहा कि लोन का राशि जमा कर दोगे तो रायपुर नहीं जाना पड़ेगा। जब उन्होंने कहा कि कमाकर लोन पटा देंगे तो वे नहीं माने और रुपये जमा नहीं करने की स्थिति में रायपुर जाने के लिए कहा। इसके बाद वे वापस घर आ गए थे। सोमवार को हो रही बारिश के बीच वृद्ध घर से निकला और शराब पीकर घर आया था, इसके बाद साथ में लाए जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जानकारी मिलने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर गांधीनगर टीआई प्रदीप जायसवाल मृतक के घर पहुंचकर मामले की जांच की। परिजन व आस पास के लोगों का बयान दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई के लिए परिजन का बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। माइक्रोफाइनेस कंपनी द्वारा लोन वापस करने को लेकर दबाव दिया जा रहा था।




# विद्यालय से नदारत रहने वाले प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक एलबी निलंबित

**- संवाददाता -**
**लखनपुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखनपुर के पत्र क्रमांक 1252 दिनांक 9.9.2024 के अनुसार आशीष कुमार भगत दिनांक 23.07.2024 से लगातार बिना किसी पूर्व सूचना के विद्यालय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित थे जिसके कारण विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखनपुर के द्वारा श्री आशीष कुमार भगत को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए अगस्त 2024 का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई जिसका जवाब आज दिनांक तक आशीष कुमार भगत द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। दिनांक 21.8 2024 को जन शिक्षक संकुल केंद्र मांगा के द्वारा आशीष कुमार भगत के दिनांक 23 .07.2024 से लगातार अनुपस्थित रहने की सूचना दी गई सरपंच एवं ग्राम वासी ग्राम पंचायत चोडेया के पंचनामा दिनांक 04.09. 2024 के द्वारा आशीष कुमार भगत के द्वारा दिनांक 23 जुलाई से लगातार अनुपस्थित एवं पूर्व में विद्यालय में शराब का सेवन कर आने के संबंध में पंचनामा तैयार कर प्रस्तुत किया गया था आशीष कुमार भगत सहायक शिक्षक एल बी का यह कृत्य अत्यंत आपत्तिजनक अशिष्ट तथा निंदनीय है जो कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही अनुशासनहीनता तथा स्वेक्षाचारिता को प्रदर्शित करता है जिला शिक्षा अधिकारी अंबिकापुर के आदेश क्रमांक 6982 दिनांक 13.9.2024 के द्वारा आशीष कुमार भगत को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम तीन एवं नियम 23 से सर्वथा विपरीत होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा निलंबन अवधि में मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंबिकापुर निर्धारित किया गया है निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

उसी तारतम्य में विकास खंड शिक्षा अधिकारी लखनपुर का पत्र क्रमांक 1248 दिनांक 9.9 2024 के अनुसार विनोद कुमार सिंह प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पंडरीपानी दिनांक 6. 7.24 से आज दिनांक तक बिना किसी पूर्व सूचना के विद्यालय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखनपुर के द्वारा दिनांक 11.07. 2024 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है जिसका जवाब आज दिनांक तक अप्राप्त है दिनांक 30 .07. 2024 के द्वारा अनुपस्थित के एवज में विनोद कुमार सिंह का जुलाई 2024 का वेतन रोका गया प्रभारी प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पंडरी पानी के द्वारा विनोद कुमार सिंह के अनुपस्थिति की जानकारी पुनः विकासखंड लखनपुर में दिनांक 4.9.24 को दी गई विनोद कुमार सिंह प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला पंडरीपानी का यह कृत्य अत्यंत आपत्तिजनक अशिष्ट तथा निंदनीय है जो कर्तव्य निर्माण के प्रति और लापरवाही अनुशासन अंतर तथा शिक्षा चरित्र को प्रदर्शित करता है विनोद कुमार सिंह का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण एवं 1965 के नियम तीन से सर्वथा विपरीत है जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील ने 1966 के तहत शास्ति योग्य है फलस्वरूप जिला शिक्षा अधिकारी अंबिकापुर के आदेश क्रमांक 6980 दिनांक 13.9 .24 के द्वारा विनोद कुमार सिंह प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पंडरी पानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बतौली निर्धारित किया गया है निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह की पात्रता होगी । विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखनपुर प्रदीप राय के द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने एवं शराब का सेवन कर विद्यालय आने वाले शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जावेगी।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ0ग0)
//आदेश//


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ0ग0)
//आदेश//



## मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा अंबिकापुर में एलायंस एयर के 72 सीटर विमान की सफल ट्रायल लैंडिंग,जल्द उड़ान सेवा शुरू होने की संभावनाएं प्रबल

» रायपुर,दिल्ली और वाराणसी से रूट कनेक्टिविटी संभावित,रूट फाइनल होने बाद ही टिकट विंडो होगी शुरू

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा अंबिकापुर में मंगलवार को एलायंस एयर के 72 सीटर विमान की सफल ट्रायल लैंडिंग संपन्न हुई। ट्रायल की सफलता को देखते हुए जल्द ही उड़ान सेवा शुरू होने की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। मंगलवार को दोपहर 2.50 बजे विमान की लैंडिंग हुई। कुछ देर रुकने के पश्चात दोपहर 3.10 बजे पुनः विमान का टेकऑफ हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में उड़ान सेवा जल्द शुरू किए जाने के हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।



एयरपोर्ट डायरेक्टर श्री सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि एलायंस एयर विमान की सफल लैंडिंग हुई है, जो उड़ान सेवा शुरू किए जाने की दिशा में पॉजिटिव रिस्पॉन्स है। उन्होंने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। लैंडिंग की रिपोर्ट सौंपी जाएगी। फिलहाल विमान के रूट की पुष्टि नहीं हुई है। डीजीसीए की अनुमति के बाद रूट की पुष्टि होगी। संभावित तौर पर रायपुर, दिल्ली और वाराणसी से रूट कनेक्टिविटी निर्धारित हो सकती है। पहली उड़ान सेवा हेतु रूट फाइनल होने के बाद ही टिकट विंडो शुरू होगी और संचालन शुरू हो सकेगा। संभावना है कि आगामी 15 से 20 दिनों में सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी, और विमान सेवा संचालन शुरू किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि समस्त अधोसंरचनाओं को पूर्ण कराकर अप्रैल 2023 को लाइसेंस हेतु आवेदन किया गया जिसके तहत डीजीसीए के द्वारा मई 2023 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त जरूरी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए डीजीसीए के द्वारा 15 मार्च 2024 को मां महामाया एयरपोर्ट को एरोड्रम लाइसेंस जारी किया गया है।

# लेबनान पेजर धमाके में अब तक आठ की मौत,ईरानी राजदूत और 2700 से अधिक हिजबुल्ला के सदस्य घायल

हिजबुल्ला,17 सितम्बर 2024। लेबनान की राजधानी में हिजबुल्ला के सदस्यों के हजारों पेजर में विस्फोट हुआ है। इस धमाके में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2700 से ज्यादा हिजबुल्ला के सदस्य इस धमाके में घायल हुए हैं। वहीं हिज्बुल्ला ने पेजर विस्फोट के लिए इस्राइल को दोषी ठहराया है। हिजबुल्ला के मुताबिक ये अपने आप में पहली और सबसे बड़ी सुरक्षा चूक है।

### लेबनान में ईरान के राजदूत भी घायल

ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस घटना में लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी घायल हुए हैं। वहीं हिज्बुल्ला के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि यह सबसे बड़ा सुरक्षा उल्लंघन है।

हिजबुल्ला के गढ़ में पेजर के लेटेस्ट मॉडल में हुए विस्फोट



वहीं सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, जिन पेजरों में विस्फोट हुआ है, वे लेटेस्ट मॉडल थे, उन्हें हिज्बुल्ला की ओर से लाया गया था। इन धमाकों के बाद बेरूत के दक्षिणी इलाकों में मौजूद तमाम अस्पतालों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। एक सूत्र के अनुसार बेरूत के दक्षिण लेबनान और पूर्वी बेका घाटी में हिजबुल्ला के गढ़ में सैकड़ों हिजबुल्ला सदस्य अपने पेजर में विस्फोट के कारण घायल हुए हैं।

### हसन नसरुल्ला ने स्मार्टफोन न इस्तेमाल करने की थी अपील

बता दें कि कुछ महीने पहले ही हिजबुल्ला के नेता हसन नसरुल्ला ने अपने लड़ाकों से स्मार्टफोन इस्तेमाल न करने की अपील की थी, क्योंकि इस्राइल के पास स्मार्टफोन को हैक या उसमें से जानकारी निकालने की तकनीक है। इस वजह से ही हिजबुल्ला ने अपने संचार माध्यम को बेहतर बनाने के लिए स्मार्टफोन की जगह पेजर का सहारा लिया था।

### पेजर से पहले की गई होगी छेड़छाड़

मामले में एक राजनीतिक विश्लेषक एलिजा मैग्नियर ने कहा कि हिजबुल्ला इस्राइल को अपने संचार व्यवस्था को बाधित करने से रोकने के लिए पेजर पर बहुत अधिक निर्भर है और उन्होंने ये भी अनुमान लगाया कि हिजबुल्ला सदस्यों को दिए जाने से पहले पेजर के साथ छेड़छाड़ की गई होगी। एलिजा मैग्नियर ने बताया कि ये कोई नई तकनीक नहीं है। इसका इस्तेमाल पहले भी किया जा चुका है।

फिलहाल इस हमले के बारे में इस्राइली सेना ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार किया है। बता दें कि हमास ने पिछले साल अक्तूबर में इस्राइल पर हमला किया था, जिसके बाद गाजा युद्ध शुरू हो गया था। इसके बाद से ही हिजबुल्ला ने सहयोगी हमास के समर्थन में इस्राइल के खिलाफ हमले किए हैं।

## विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का सांसद चिंतामणि महाराज ने किया शुभारंभ

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने आज अंबिकापुर के पीजी कॉलेज आडिटेरियम परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्कूली, कॉलेज के विद्यार्थी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



सांसद श्री चिंतामणि सहित सभी अतिथियों, एवं पत्रकार बंधुओं ने विकसित भारत = मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग सुश्री संगीता लकड़ा द्वारा सांसद श्री चिंतामणि को फोटो प्रदर्शनी की थीम से अवगत कराया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रम तथा विकास के परिदृश्य पर आधारित फोटो प्रदर्शनी को सार्थक पहल बताया।

फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक शामिल है। फोटो प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, अंतरिक्ष शक्ति सहित विभिन्न उपलब्धियों की झलक है। फोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

## स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत् स्वच्छता कार्यक्रम...




- संवाददाता -
लखनपुर,17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

भारत सरकार के द्वारा चलाऐ जा रहे स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा है , अभियान का शुभारंभ माननीय अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। अध्यक्ष महोदया के द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। तो वही बस स्टैंड में झाड़ू लगाकर साफ सफाई भी किया गया । सफाई कामगारो एवं स्वच्छता दीदीयों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम में अम्बिकापुर विधायक श्राजेश अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहु , नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे , राजेंद्र जायसवाल ,पार्षद अमित बारी,सुभाष चंद्र अग्रवाल , यतेंद्र पांडेय ,नरेंद्र पांडेय ,सत्यनारायण साहू , नीरज अग्रवाल ,चन्द्र भान सिंह ,मुख्य नगरपालिका अधिकारी विधासागर चौधरी ,सफाई दरोगा चन्द्रशेखर चौधरी ,सहायक राजस्व निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ,विनेश राम खलखो , सफाई कामगार एवं स्वच्छता दीदीयां उपस्थित थे।

## "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024" का हुआ शुभारंभ, सांसद चिंतामणि सहित जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों ने गांधीनगर बाजार परिसर में किया श्रमदान






» स्वच्छता शपथ और रैली से लोगों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

» 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाला यह अभियान "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता" थीम पर रहेगा केंद्रित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सांसद श्री चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में 17 सितंबर को "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024" पखवाड़ा का जिले में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, महापौर डॉ अजय तिर्की, नगर निगम सभापति श्री अजय अग्रवाल, कलेक्टर श्री विलास भोसकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा गांधीनगर बाजार परिसर में श्रमदान कर किया गया। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों सहित स्वच्छग्राही दीदियों, स्कूल और कॉलेज के छात्र छात्राओं को स्वच्छता शपथ भी दिलाई।

इसके बाद जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की अगुवाई में गांधीनगर चौक से पीजी कॉलेज तक स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली में अपने घर, मोहल्ले और अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने, स्वच्छता को अपने स्वभाव में लाने के नारे लगाते हुए लोगों से अपील की गई। रैली नारे लगाते हुए पीजी कॉलेज परिसर पहुंची जहां एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता की अलख जगाने के लिए स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह स्वच्छता रथ सभी जनपदों में पहुंचेगा और स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेगा।

उल्लेखनीय है कि उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता" विषय पर केंद्रित रहेगा, जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त श्री प्रकाश सिंह राजपूत, पार्षद श्री आलोक दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समस्त विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
लखनपुर,17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के अम्बिकापुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 स्थित ग्राम कुंवरपुर नहर मोड़ के समीप सोमवार को अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी। और युवक को रौंदते हुए ट्रक आगे निकल गया घटना के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया तो वही ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। उक्त सड़क हादसा की सूचना उपरांत लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार हेतू लखनपुर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित किया। मृतक युवक की शिनाखत अभी तक नही हो पाई हैं



मृतक का उम्र लगभग 40 वर्षीय बताया जा रहा है जिसमें लाल रंग शर्ट और नीले रंग कलर की पैंट पहना हुआ है।पुलिस शव को कब्जे में लेकर मरच्युरीमें रखा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है । कुछ प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया जा रहा है कि गैस टंकी लोड ट्रक के द्वारा मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मारी गई है।

## सड़क हादसा के बाद मछली बीनने की मची होड़,उदयपुर नर्सरी के समीप हुआ हादसा



» मछली बीज लोड वाहन को ट्रेलर ने पीछे से मारी टक्कर,तीन क्विंटल मछली ले भागे लोग



- संवाददाता -
उदयपुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

17 सितंबर की सुबह 5 बजे करीब कोंडागांव से मछ्ली बीज लोड कर आ रही वाहन क्रमांक CG04NR1810 को उदयपुर नर्सरी के समीप पीछे से आ रही अज्ञात ट्रेलर वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे मछली बीज लोड वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे साइड सोल्डर मिट्टी में जा घुसी, टक्कर से वाहन में रखे लगभग तीन क्विंटल मछली उछलकर गड्ढे में गिर गई। सड़क दुर्घटना में मछलियों के गड्ढे में गिरने की सूचना आसपास के ग्रामीणों को मिलने पर मछली बिनने की होड़ मच गई और देखते ही देखते सैकड़ों लोगों ने लगभग तीन क्विंटल मछली बिनकर निकल लिए । घटना के बाद वाहन चालक द्वारा हाइड्रा बुलवाकर वाहन को गड्ढे से बाहर निकलवाया गया।

# ग्राम दावा के समीप खड़ी ट्रक के पीछे जा घुसे बाइक सवार दंपति

» पत्नी का पैर और पति कंधा कमर टूटा CHC उदयपुर से जिला चिकित्सालय रेफर






- संवाददाता -
उदयपुर,17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

उदयपुर 16 सितंबर की रात 11.30 बजे करीब बाइक सवार दंपती जोकि जापानपारा शंकरपुर से अपने बेटी दामाद के घर से लौट रहे थे और अपने घर ग्राम हरिहरपुर जा रहे थे ।

इसी दौरान ग्राम दावा के समीप NH 130 पर सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक CG07AW9796 में अपनी बाइक क्रमांक CG 15CS 9687 समेत जा घुसे।

दुर्घटना में घायल धन साय उम्र लगभग 50 वर्ष का बायां कंधा टूट गया है साथ ही कमर में भी गंभीर चोटें आई है, पीछे बैठी महिला सकारो उम्र लगभग 48 वर्ष का बायां पैर घुटने के नीचे टूट कर झूल गया था दोनों घायलों को युवा मित्र मंडली के सदस्यों द्वारा पुलिस के सहयोग से तत्काल ष्टा्रष्ट उदयपुर भेजा गया । डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों ही घायलों को रात डेढ़ बजे मरीज के परिजनों के आने के बाद 108 के माध्यम से बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रवाना किया गया। युवा मित्र मंडली के युवाओं ने घायलों को अस्पताल भिजवाने से लेकर मरीज के परिजनों का पता लगाकर उन्हें खबर भिजवा कर देर रात तक उनके साथ रहकर प्राथमिक उपचार हेतु मदद कर सेवा की मिसाल कायम की है वह बहुत कम ही देखने को मिलता है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने धोखाधड़ी को लेकर सरगुजा कलेक्टर से की शिकायत



प्रति,

श्रीमान पुलीस अधिक्षक महोदय
पुलिस अधिक्षक जिला सरगुजा छ.ग

विषय – मिनि आंगनबाडी कार्यकर्ता से मेन आंगनबाडी कार्यकर्ता में पर्मोशन करने के लिए सुपरवाईजर नियति सिन्हा एवं रानी झा के द्वारा ठगी कर पैसा वसुल करने एवं धोका धड़ी करने के संबंध में।

महोदय,

निवेदन यह है कि मैं धनीया कुजुर विकासखण्ड लुण्ड्रा के अन्तर्गत ग्राम करौली सेक्टर करौली मांझापारा 2 में मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में पदस्त हूँ। दिनांक 08/05/2024 को नियती सिन्हा एवं रानी झा आंगनबाड़ी सुपरवाईजर ग्राम करौली आये और बोले कि तुमलोग को मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मेन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता में प्रमोशन करना है इसके एवज में प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 20–20 हजार देना है, अभी प्रत्येक कार्यकर्ता 12–12 हजार एडवांस दो, प्रमोशन के बाद 8–8 हजार रूपेय देना। करौली सेक्टर के 20 केन्द्रो से 240000 रू. हमलोग उक्त दिनांक को ही प्रमोशन होने की प्रत्याशा में दे दिए तथा हम लोग को कहा गया की 10 दिन में प्रमोशन हो जायेगा। 4 महीने बीतने के बाद भी जब प्रमोशन नही हुआ तो हम लोग नियती सिन्हा एवं रानी झा से समपर्क कर पुछे की हमारा प्रमोशन कब होगा तब उन्होने कहा की जादा हल्ला करोगे तो नौकरी से निकाल देंगे हमलोग जे.आर. प्रधान जिला अधिकारी को पुरा पैसा दे दिए हैं अब हमलोग को सुपरवाईजर नियती सिन्हा के द्वारा वाट्सप कॉल कर डराया जा रहा है अस्तु हम लोग के साथ धोखाधड़ी कर ठगी किया गया है।

अतः श्रीमान जी से प्रार्थना है कि जिला अधिकारी जे.आर. प्रधान, रानी झा एवं नियती सिन्हा के उपर ठगी कर धोखाधड़ी करने के आरोप में कार्यवाही करने की कृपा कि जाये।

दिनांक – 17/09/2024

आवेदिका
नाम – धनीया कुजुर
पिता का नाम – चमरू कुजुर
ग्राम – करौली
जिला – सरगुजा छ.ग.
मोबाईल न. – 6268662116

संलग्न :–
1. नियती सिन्हा द्वारा ली गयी पैसों की पावती का छाया प्रति।

-आदित्य गुप्ता-
सरगुजा,17 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

मामले में महिलाओं का आरोप है कि सहायिकाओं से यह ठगी उन्ही के सुपरवाइजर ने की है। मिनी अम्बा को आंगनबाड़ी में नही बदलने के बाद महिलाएं सुपरवाइजर सहित इनमे शामिल अधिकारियों पर एफ आई आर कराने की तैयारी में हैं। आपको बता दें कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा मई से पहले सरगुजा जिले के सभी मिनी आंगनबाड़ी को आंगनबाड़ी में बदलने का आदेश प्रदेश सरकार ने दिया था। इसके बाद लुण्ड्रा ब्लॉक के लगभग सभी 220 मिनी आंगनबाड़ी को आंगनबाड़ी में कन्वर्ट करने की तैयारी थी। मिनी आंगनबाड़ी की सहायिका का कहना है कि इलाके की सुपरवाइजर ने जिला अधिकारी डीपीओ के मिली भगत से सभी सहियकाओं से बीस- बीस हजार की मांग कर बारह - बारह हजार सुपरवाइजर नियति सिन्हा के द्वारा ले लिया गया। सहायिकाओं का कहना है कि अभी तक हमारा आदेश नही मिला है और जब हमने आवाज उठाई और नियति सिन्हा सुपरवाइजर को पता चला तब उन्होंने हमे वॉट्सऐप कॉल पर नौकरी से हटाने की धमकी भी दी और कहा की अगर पत्रकारों को यह बात पता चली तो डीपीओ साहब आपका आदेश रोक देंगे।

**डीपीओ साहब ने कहा मुझे वसूली की कोई जानकारी नहीं है...**

**अधिकारी ने कहा सबूत दीजिए कार्रवाई करेंगे...!**

**सरगुजा में आंगनबाड़ी में कार्य करने वाले महिलाओं से लाखों की ठगी ...**

**परियोजना अधिकारी व सुपरवाइजर की मिली भगत से महिलाओं से की गई अवैध वसूली...!**

**आरोप लगाने वाली महिलाएं आई खुलकर सामने... वसूली की बताई पूरी कहानी..!**



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने धोखाधड़ी को लेकर सरगुजा कलेक्टर से की शिकायत...

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा दिनांक 17/09/2024 को धोखाधड़ी के मामले को लेकर सरगुजा कलेक्टर से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है । अब देखना बाकी है कि सरगुजा कलेक्टर के द्वारा इस मामले पर क्या कार्रवाई की जाती है जिससे पीड़िता को न्याय मिल सके।

### मुझे वसुली की कोई जानकारी नहीः डीपीओ

महिला बाल विकास के जिला अधिकारी जे आर प्रधान ने बताया कि लुण्ड्रा ब्लॉक में मिनी आंगनबाड़ी को मेन आंगनबाड़ी में बदलने के लिए सहायिकायों से पैसा लिया गया है इसकी जानकारी मुझे नही है ,मेरा नाम लेकर पैसा लिया गया है पर सुपरवाइजर नियति सिन्हा के वॉट्सएप कॉल पर साफ साफ डीपीओ साहब का नाम लिया जा रहा है ।

### सुपरवाइजर नियति सिन्हा ने महिलाओं से ली गई रकम की लिस्ट भी तैयार की ताकि मामला फर्जी न लगे

करौली सेक्टर की सुपरवाइजर नियति सिन्हा ने करौली पटोरा से लगभग 2 लाख40 हजार रुपए की वसुली कर लिस्ट बनाकर साइन भी किया ताकी मामला फर्जी ना लगे और वॉट्सऐप कॉल पर लिस्ट का जिक्र करते हुए कहा की उस लिस्ट से कुछ होना जाना नही है। मिली जानकारी के अनुसार अमड़ी सेक्टर की सुपरवाइजर रानी झा ने भी इसी तरीके से लाखों में वसुली की पर कोई सबूत नहीं होने के कारण कोई कुछ बोल नहीं पा रहा। वॉट्सऐप कॉल पर नियति सिन्हा का बयान है की अमड़ी से भी वसूली हुई है।

### परियोजना अधिकारी चिंतामणि सिन्हा ने कहा सबूत दीजिए कार्यवाही करेंगे...

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पैसा लेकर काम नहीं होने पर अपना ट्रांसफर करा लेने वाली सुपरवाइजर नियति सिन्हा ने किसी भी कार्यकर्ताओं से पैसा लेने से इंकार किया। साथ ही कहा की इस मामले में उन्हें कुछ जानकारी नहीं है । वही परियोजना अधिकारी चिंतामणि सिंहा ने कहा की आप सबूत दीजिए तब हम जांच करने के बाद कार्यवाही करेंगे। सहायिकाओं से पैसा वसूला गया है इसकी जानकारी नहीं होने की बात कही।

# चाकूबाजी करने वालों को आखिरकार किसका संरक्षण...!

**क्या पुलिस की काउंटर कार्रवाई से अपराधियों का मनोबल होगा ठंडा ...या मिलेगी अपराधियों को सहानुभूति**

**बसपा नेता के भतीजा पर चाकू से हुआ जानलेवा हमला, पुलिस ने काउंटर अपराध किया दर्ज**

**गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान चाकूबाजी, 2 गंभीर**

**क्षेत्र में लोगों के बीच दहशत का माहौल पैदा करने वालों पर कौन मेहरबान...**

-संवाददाता-
सूरजपुर,17 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए मामूली विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक बसपा नेता का भतीजा बताया जा रहा है। वहीं बीच बचाव करने वाले एक अन्य युवक को चाकू से गंभीर चोट आई है। जबकि पुलिस ने मामले में काउंटर अपराध दर्ज कर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर ली है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बड़सरा के मंदिर पारा में गणेश प्रतिमा का विसर्जन कार्यक्रम था। इस दौरान डीजे के साथ साथ नाच भी चल रहा था। जैसे ही वाहन प्राथमिक शाला बसकरपारा के पास पहुंचा तभी बसपा नेता नारेन्द्र साहू के भतीजा मनीष साहू उम्र करीब 25 साल को ग्राम बड़सरा के ही निखिल यादव उर्फ राजा यादव पिता विजेन्द्र यादव द्वारा चाकू से



हमला कर दिया गया। चाकू के हमला से मनीष साहू गंभीर रूप से आहत होकर अचेत हो जमीन पर गिर गया। वहीं बीच बचाव के लिए दौड़े कुलदीप सिंह को राजा यादव ने सिर पर चाकू से वार कर दिया गया। इसके बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने आहत कुलदीप सिंह के भाई आनन्द प्रताप सिंह की शिकायत पर आरोपी निखिल यादव उर्फ राजा यादव के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आहतों का भैयाथान चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार करने के बाद सूरजपुर जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया है। वहीं इसी मामले में निखिल यादव उर्फ राजा यादव के पिता की शिकायत पर आरोपी मनीष साहू, अंगद विश्वकर्मा, कुलदीप सिंह व गोपू देवांगन के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### पुलिस कार्यवाही में झोल-झाल के लग रहे आरोप

मिली जानकारी के अनुसार जिस मनीष साहू को चाकू मारा गया है उसके या उसके परिवार की तरफ से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। जिसने चाकू बाजी की घटना को अंजाम दिया है उसके परिजनों की शिकायत पर प्रत्यक्षदर्शियों पर अपराध दर्ज किया गया है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मामले की जांच निष्पक्ष नहीं हो पा रही।



# संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,17 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता विगत दिवस को जिला-सरगुजा के गांधी स्टेडियम, शा.पी.जी. कॉलेज ग्राउंड, शा.उ.मा.वि. पुलिस लाईन अम्बिकापुर एवं शा.बालक क्रीड़ा परिसर लालपुर (एम.सी.बी.) के ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर रोहित व्यास एवं राम ललित पटेल जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में सूरजपुर की टीम ने हिस्सा लिया। हैण्डबॉल यू-17 बालक वर्ग विजेता रही। वहीं हैंडबॉल बालिका यू- 17 वर्ग में उपविजेता रही। खो-खो बालिका 14 वर्ष वर्ग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता का खिताब अपने नाम किया तथा खो-खो बालक 14 वर्ष वर्ग में उपविजेता रही।

इस अवसर पर शरदेन्दु कुमार शुक्ल, श्रीमती कौशल्या सिंह, नंदे कुमार सिंह, सिमांचल त्रिपाठी, दया सिंह उईक, रविन्द्र सिंह, श्री शंकर सुवन गोपाल, विमल डुंगडुंग, शीला मजूमदार, शीला जायसवाल, बैजंती माला, सुश्री समीरा केरकेट्टा, माया ध्रुवे, रावेन्द्र वर्मा, श्री राजकुमार, श्रीमती मधुलिका कुजूर, श्रीमती सेलिना मिंज, आशा प्रसाद, राम यादव, सुनयना जायसवाल, बालेन्द्र साहू, भास्कर यादव, श्री संजय सिदार एवं विक्की कुमार उपस्थिति रहा।



# स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 कलेक्टर ने स्वच्छता की दिलायी शपथ

-संवाददाता-
कोरिया,17 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

आज 17 सितंबर को ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024'' पखवाड़ा का जिले में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रट सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्री अरूण मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर और एसपी ने कानून व्यवस्था पर की समीक्षा





-संवाददाता-
कोरिया,17 सितम्बर 2024
(घटती-घटना)।

जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने, अपराधियों पर नकेल कसने और यातायात प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को हटाने के लिए नगरीय निकाय, पशुपालन और जनपद पंचायत के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बैठे मवेशियों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए मवेशियों के मालिकों का चिन्हांकन कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि अपराधियों के मन में कानून का डर होना चाहिए, जबकि आम जनता के साथ पुलिस का दोस्ताना व्यवहार बना रहे। यातायात प्रबंधन को लेकर बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग को सुव्यवस्थित करने के लिए नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। घड़ी चौक में बने पार्किंग स्थल का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आम जनता को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। श्री परिहार ने अवैध नशीली पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मालवाहक वाहनों में ओवरलोडिंग और सवारियों को बैठाने पर भी सख्त कदम उठाने की बात कही। बैठक में चिटफंड कंपनियों के अवैध संचालन पर तत्काल कार्यवाही और अन्य राज्यों से आने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में डीजे (डिस्क जॉकी) और माउंटेन व्हीकल के संचालन पर प्रतिबंध लगाने और सड़कों किनारे लगने वाले पंडालों को हटाने की बात कही गई। इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शासकीय शराब दुकान में एक शीलबंद शीशी के अंदर मिला केचुआ...कहीं मिलावट का तो खेल नहीं... ?






-आदित्य गुप्ता-
रायगढ़, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शासन द्वारा संचालित शासकीय शराब दुकान से लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां पर शराब दुकान में शराब के साथ कॉकरोच, केंचुए और कीड़े तक गटकने पड़ रहे हैं। ऐसा पीनेवाले नहीं कह रहे बल्कि,आबकारी विभाग और प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा नियुक्त सेल्समैन कह रहे हैं। दरअसल, जिले के पुसौर में शासकीय शराब दुकान में जिसमें से एक शीलबंद शीशी के अंदर केचुआ मिला है। ग्राहक ने शीशी में केचुआ मिलने की बात सेल्समैन से कही तो तत्काल उसने दूसरी शीशी दे दी। इस दौरान शराब ग्राहक ने कहा कि इसे पीकर जान भी जा सकती थी। मामला पुसौर के देशी शराब दुकान का है। शराब ग्राहक ने बताया कि इस तरह के कई मामले कुछ दिन पहले रायगढ़ के देशी शराब दुकान में सामने आ चुके हैं, लेकिन आबकारी विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। कभी छिपकली तो कभी कीड़े तो कभी केचुआ निकल रहे हैं। इस लापरवाही पर कार्रवाई भी नहीं की जा रही है। ग्राहक से जब हमने चर्चा किया, तो उसने बताया कि यह काफी गलत बात है कि शराब की शीशी में कीड़ा मिल रहा है। कोई जहरीला कीड़ा भी हो सकता है और अगर इसे कोई नजरअंदाज करता है तो उसकी जान भी जा सकती है। उनका कहना है कि पहले भी शराब की शीशी में कीड़ा, छिपकली का हड्डी तो कभी साप और केचुआ निकलने का मामला सूनने को मिला है।जब हमने इस विषय पर आबकारी विभाग से जानना चाहा तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा अब आगे यह देखना होगा की खबर चलने के बाद आबकारी विभाग द्वारा किस प्रकार कार्रवाई की जाती है।

# विकसित भारत-मोदी जी की संकल्पना पर जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई एक दिवसीय प्रदर्शनी

**जनप्रतिनिधि,विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक किया अवलोकन,नई योजनाओं और विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित रही प्रदर्शनी**





-संवाददाता-
बलरामपुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शासकीय नवीन महाविद्यालय बलरामपुर में आज विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना थीम पर आधारित एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जीवन और उनके योगदान की झलकियां प्रदर्शित की गई। जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं तथा मीडिया प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया। इस अवसर पर छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के लिए कैरियर गाइडेंस भी प्रदान किया गया। प्रदर्शनी प्रधानमंत्री के विभिन्न नीतियों और उपलब्धियों को दर्शाते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर केन्द्रित रही। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने केक काटकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात् गणमान्य नागरिक श्री ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा की जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाए गए एक दिवसीय प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन और योगदान को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज उनका जन्मदिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश को उन्नति ओर लेकर चल रहे हैं। उन्होंने विकसित भारत की परिकल्पना को पूरा करने के उद्देश्य से समाज के हर समुदाय के लिए विकास के कार्य कर रहे हैं और उनके अथक प्रयास से ही आज हम विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

जनपद उपाध्यक्ष श्री भानुप्रकाश दीक्षित ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जी बचपन से प्रतिभावान रहे हैं, उनका पारिवारिक जीवन सरल व सहज था। उन्होंने विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का पद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेंद्र मोदी जी ने समाज के हर तबके के उत्थान के लिए योजनाएं लागू किये हैं, जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के द्वारा शुरू किये गये योजनाओं की जानकारी भी दी। गणमान्य नागरिक श्री दीनानाथ यादव ने कहा कि विकसित भारत अंतर्गत मोदी की संकल्पना अनुरूप लोगों के हित में काम कर विकसित भारत की दिशा की ओर निरंतर अग्रसर हो रहे हैं। उनके द्वारा नागरिकों को लाभ देने कई योजनाएं शुरू की गई है। जिसका सक्रियता से संचालन करते हुए जन-जन तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री के संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए उनके महत्वपूर्ण कार्यो का उल्लेख किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बचपन में किये गये कार्यों एवं देश के प्रधानमंत्री बनने तक के सफर के साथ उनके द्वारा अपनाई गई नीतियों एवं उपलब्धियों की महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व स्कूली बच्चों ने सराहना करते हुए उनसे प्रेरणा ली। बच्चों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में निर्वाचित होकर देश की सेवा कर रहे हैं। उनके द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में समय-समय पर लोगों से संवाद स्थापित करते हुए जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर लोकहित में कार्य करने और बेहतर प्रयास कर रहे हैं। प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में,पावरफुल सीएम,मोदी 3.0, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान, डिजिटल से भुगतान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित अन्य विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी गई।इस दौरान गणमान्य नागरिक सर्वश्री संजय सिंह, दिलीप सोनी, जितेन्द्र श्रीवास्तव,गौतम सिंह अन्य जनप्रतिनिधिगण व कॉलेज के प्राचार्य श्री एन.के. देवांगन, समस्त अध्यापक एवं स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं नागरिकगण मौजूद रहे।

# 21 वीं पशु संगणना 2024: प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न



-संवाददाता-
सूरजपुर, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग अन्तर्गत पशुपालन सांख्यिकी प्रभाग के निर्देशानुसार सितम्बर से दिसम्बर 2024 के मध्य 21 वीं पशु संगणना करने के तारतम्य में विगत दिवस जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में 21 वीं पशु संगणना के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजन किया गया था। कार्यशाला में डॉ. आर.एस. बघेल, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें के मार्गदर्शन व मास्टर ट्रेनर्स संभाग सरगुजा डॉ. रूपेश सिंह, जिला नोडल अधिकारी डॉ. दिव्य प्रकाश पैकरा के द्वारा जिले के समस्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को 21 वीं पशु संगणना तथा संकलित डाटा को सेंसस एप्प में इन्द्राज करने हेतु हैड्स-ऑन प्रशिक्षण सम्पन्न कराया गया। साथ ही डॉ. रूपेश सिंह ने पशुपालकों की जानकारी को सही ढंग से दर्ज करने पर जोर दिया जिसमें उनके नाम, पता एवं उनके पशुधन की समस्त जानकारी शामिल है। उप संचालक डॉ. आर.एस. बघेल द्वारा जिले के सभी कृषको पशुपालकों को निर्देश दिया है कि 21 वीं पशु संगणना 2024 हेतु विभागीय अमले (प्रगणकों) को सहयोग सह सही जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि संगणना में पशुधन की नस्लवार विस्तृत जानकारी दर्ज हो सके।

# नायब तहसीलदार द्वारा आवेदन पेश करने पर दर्ज की गई एफआईआर

**रिटायर्ड सैनिक कि जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले में कोरिया पुलिस ने किया दोषियों के विरुद्ध मामला दर्ज**

-संवाददाता-
खड़गवां, 17 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।




डायरेक्टर, केंद्रीय संगठन ईसीएचएस, एडजुटेंट जनरल की शाखा, रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय, थिमैया मार्ग, गोपीनाथ सर्कल के पास, दिल्ली कैंट द्वारा अपने अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से ग्राम बचरा, तहसील पोड़ी बचरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 552, 553 (रकबा क्रमशः 0.07, 1.95 हेक्टेयर) की फर्जी रजिस्ट्री के संबंध में कलेक्टर बैकुंठपुर, जिला कोरिया को शिकायत प्रस्तुत की गई थी।इस शिकायत की जांच नायब तहसीलदार पोड़ी बचरा, श्रीमती माधुरी आंचल द्वारा की गई, जिसमें यह पाया गया कि भूमि स्वामिनी श्रीमती चन्दा सिंह की मृत्यु के पश्चात, उनकी भूमि को श्रीमती सविता कुण्डु द्वारा फर्जी तरीके से विक्रय कर नामांतरण कराया गया था। इस भूमि की पुनः बिक्री भी की गई और वर्तमान में यह 13 व्यक्तियों के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जांच में तात्कालिक उप पंजीयक अंबिकापुर, रजिस्ट्री और नामांतरण प्रकरण के गवाह, उनके अधिवक्ता और अवैध तरीके से भूमि क्रय-विक्रय करने वाले व्यक्ति दोषी पाए गए।

कलेक्टर कोरिया द्वारा दोषियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश तहसीलदार दिए गए थे। निर्देश के अनुपालन में, नायब तहसीलदार द्वारा लिखित आवेदन पत्र पेश करने पर पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देश पर चौकी प्रभारी पोड़ी बचरा द्वारा दिनांक 16.09.2024 को पुलिस चौकी पोड़ी बचरा में दोषियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया है। नायब तहसीलदार के लिखित आवेदन पर विक्रेता, खरीददार, रजिस्ट्री के गवाह, उप पंजीयक और घटना में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471, 34 भादवि के तहत मामला पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी गई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा(छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्रं0..../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार गुप्ता पिता रामअवतार गुप्ता जाति तेली निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा(छ0ग0)के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम कर्रा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 147/2 रकबा 0.070 हे0 भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, सेटलमेंट, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 03/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा**

रा0प्र0क्रं0..../अ-6/2023-24

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित गुप्ता आ0 स्व0 कृष्णचंद गुप्ता एवं अन्य-05 सभी निवासी ब्रम्ह रोड अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला ब्रम्ह रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-3 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 857/1 रकबा 0.32,1/4 हे0 भूमि के सहखातेदार श्रीमती मीना गुप्ता पत्नी स्व0 कृष्णचंद गुप्ता की दिनांक 09.08.2022 को मृत्यु हो जाने के कारण खाते से मृतक का नाम विलोपित कराने हेत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ मेन्टनेन्स खसरा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09.10.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा**

रा0प्र0क्रं0..../अ-6/2023-24

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित गुप्ता आ0 स्व0 कृष्णचंद गुप्ता एवं अन्य-06 सभी निवासी ब्रम्ह रोड अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला ब्रम्ह रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-8 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 2841/1,2842/1 रकबा क्रमशः 0.04,3/4, 0.10.3/4 एकड़ भूमि के सह खातेदार श्रीमती मीना गुप्ता पत्नी स्व0 कृष्णचंद गुप्ता की दिनांक 09.08.2022 को मृत्यु हो जाने के कारण खाते से मृतक का नाम विलोपित कराने हेत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ मेन्टनेन्स खसरा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09.10.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय कलेक्टर जिला सरगुजा (अम्बिकापुर)**

रा0प्र0क्रं0-202304020300006 /अ-23/2023-24

-ईश्तहार/सूचना पत्र -

अपीलार्थीगण रामलाल आ0 देवसाय बरगाह, उम्र 60 वर्ष जाति बरगाह,निवासी ग्राम भगवानपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर के रा.प्र.क्र. 202101021800005 /42/अ-23/2018-2019 पक्षकार (संजय तिग्गा प्रति रामलाल वगै0) में पारित आदेश दिनांक 20.03.2023 के विरूद्ध छ.ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के तहत इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकरण उत्तरवादीगण (1)संजय तिग्गा आ0 सुरेश तिग्गा,निवासी गांधीनगर सांई मंदिर के पास अम्बिकापुर,तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) (2) निश्चल सिंह आ0 निरेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम भगवानपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के इस न्यायालय में उपस्थिति के लिए प्रकरण दिनांक 03.10.2024 को नियत है।

अतः सभी उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 03.10.2024 को इस न्यायालय में दिन के 12.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर उत्तरवादीगण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 14/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — प्रभारी अधिकारी कलेक्टर वाचक शाखा

## संक्षिप्त खेल की खबरें



### अर्जुन तेंदुलकर ने कर्नाटक के खिलाफ मैच में चटकाए 9 विकेट

**नईदिल्ली, 17 सितम्बर 2024।** पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।उन्होंने डॉ (कैप्टन) के थिमपिया मेमोरियल टूर्नामेंट में गोवा की ओर से खेलते हुए कर्नाटक के खिलाफ मैच में कुल 9 विकेट चटकाए।उनकी उम्दा गेंदबाजी के चलते गोवा ने इस मैच को पारी और 189 रन से जीता। उन्होंने कर्नाटक की पहली पारी के दौरान 5 विकेट हॉल हासिल किया।बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन ने दोनों पारियों में कुल 26.3 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 87 रन देकर 9 सफलताएं हासिल की।पहली पारी में कर्नाटक की टीम 103 रन पर ढेर हुई, जिसमें अर्जुन ने 41 रन देकर 5 विकेट चटकाए।जवाब में गोवा ने अभिनव तेजराणा (109) के शतक और मंथन खुटकर के 69 रनों की बदौलत 413 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया।आखिरकार दूसरी पारी में कर्नाटक की टीम 121 रन पर आउट हो गई।

### आईपीएल 2025 में ऋतुराज गायकवाड़ ही होंगे सीएसके के कप्तान



**नईदिल्ली, 17 सितम्बर 2024।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के बाद कई टीमों के कप्तान बदलेंगे. ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स को लेकर रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि सीएसके ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तानी से हटा सकती है मगर, आज हम आपको इस आर्टिकल में 3 ऐसी वजहों के बारे में बताते हैं, जिसके चलते चेन्नई की टीम गायकवाड़ को कप्तानी से हटाने की गलती कभी नहीं करेगी। ऋतुराज गायकवाड़ पिछले 6 सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। उन्होंने 2019 में सीएसके के जरिए ही आईपीएल डेब्यू किया. गायकवाड़ ने सीएसके के लिए अब तक आईपीएल में 66 मैच खेले हैं, जिसमें 136.86 की स्ट्राइक रेट और 41.75 के औसत से 2380 रन बना रहे हैं. इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 18 अर्धशतक लगाए हैं। वह एक शानदार बल्लेबाज हैं और लगातार अपनी टीम के लिए रन बना रहे हैं। आईपीएल 2023 में जब चेन्नई ने ट्रॉफी उठाई, तो उसमें गायकवाड़ का अहम योगदान रहा।

# भारतीय हॉकी टीम ने रचा इतिहास

- 5 वीं बार जीता एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब;
- भारतीय हॉकी टीम ने चीन को हराकर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है



**नईदिल्ली, 17 सितम्बर 2024।** एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हरा दिया है। इस मैच में शुरुआत में दोनों टीमों की तरफ से कोई भी गोल नहीं कर पाया था। फिर मैच खत्म होने के कुछ मिनट पहले ही भारत के लिए जुगराज सिंह ने गोल किया। इसी गोल की वजह से भारतीय हॉकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। भारत ने कुल पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था। चीन ने पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी और उससे पहले ही बार में शिकस्त मिली है।

### पहले तीन क्वार्टर तक दोनों टीमों की तरफ से नहीं हुआ था गोल

पहले क्वार्टर में दोनों टीमों की तरफ से कोई भी प्लेयर्स गोल करने में नाकाम रहे। भारत ने गोल करने के मौके बनाए, लेकिन टीम गोल करने में सफल नहीं हो पाई। भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला। पर भारतीय हॉकी टीम उसे भुना नहीं पाई। दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों की तरफ से कोई गोल नहीं हुआ। इस क्वार्टर में चीन के डिफेंस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और भारतीय प्लेयर्स को रोके रखा। तीसरे क्वार्टर में चीन ने गोल करने के लिए कई हमले किए हैं, लेकिन उनकी भारतीय गोलकीपर कृष्णा पाठक के आगे एक ना चली।

### जुगराज सिंह ने किया दमदार गोल

जब दोनों टीमों के बीच तीसरे क्वार्टर तक कोई गोल नहीं हुआ। ऐसे में लग रहा था कि पेनल्टी शूटआउट में चला जाएगा। लेकिन इसके बाद जुगराज सिंह ने बेहतरीन मैदानी गोल करके टीम को मैच में 1-0 की बढ़त दिला दी। इससे भारतीय हॉकी टीम को जीतने की उम्मीदें बढ़ गईं। इसके बाद भारत ने चीन को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। जुगराज फाइनल में किया गोल टीम को ट्रॉफी जीतने में अहम साबित हुआ।

### पांचवीं बार जीता एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है और फाइनल तक एक भी मैच नहीं हारा है। टीम ने सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 4-1 से शिकस्त दी थी। कोरियाई टीम के खिलाफ हरमनप्रीत सिंह, उत्तम सिंह और जरमनप्रीत सिंह ने गोल किए थे। भारतीय हॉकी टीम ने कुल पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। इससे पहले भारत ने 2011, 2016, 2018 (पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता) और 2023 में ट्रॉफी जीती थी। पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन के लिए हरमनप्रीत सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला है।

## 20 साल से टूटने का इंतजार कर रहा ब्रायन लारा का ये रिकॉर्ड



### कई दिग्गज करीब जाकर चूके

**शिकागो, 17 सितम्बर 2024।** क्रिकेट जगत का एक ऐसा नाम जिस हर क्रिकेट फैन जानता होगा। ब्रायन लारा ने वेस्टइंडीज के लिए खेलते हुए कई बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। उनके नाम एक ऐसा रिकॉर्ड भी दर्ज हैं जिसे आज तक किसी भी खिलाड़ी ने नहीं तोड़ा है। ब्रायन लारा ने 20 साल पहले 2004 में इस रिकॉर्ड को बनाया था। कई बड़े क्रिकेटर्स इस रिकॉर्ड के काफी करीब तो आए, लेकिन आज तक तोड़ ना सके। ब्रायन लारा ने इंग्लैंड के खिलाफ इस रिकॉर्ड को बनाया था।

### आज भी अटूट है ये रिकॉर्ड

12 अप्रैल 2004, वेस्टइंडीज बनाम इंग्लैंड मैच और एंटीगुआ रिक्रिएशन ग्राउंड। टेस्ट मैच का तीसरा दिन और ब्रायन लारा ने पूरे किए अपने 400 रन। जी हां चौहरा शतक। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में किसी भी खिलाड़ी ने आज तक 400 रनों की पारी नहीं खेली है। ब्रायन लारा इसी के साथ दुनिया के पहले ऐसे खिलाड़ी बन जाते हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 400 रनों की पारी खेल डाली। इस पारी के साथ ही पूरी दुनिया में ब्रायन लारा को लेकर चर्चा तेज हो जाती है और चर्चा हो भी क्यों ना क्रिकेट फैंस ने एक ऐसे रिकॉर्ड को बनते हुए देखा जिसके बारे में सिर्फ सोचा ही जा सकता था।

ब्रायन लारा की इस पारी के बाद अगले दिन अखबारों में सिर्फ यही बात उठी कि क्या इस रिकॉर्ड को कोई भी खिलाड़ी तोड़ पाएगा या नहीं। इस सवाल का जवाब आज 20 सालों के बाद भी नहीं ही है। 20 साल पहले बने इस रिकॉर्ड के करीब तो कई दिग्गज खिलाड़ी पहुंचे, लेकिन तोड़ ना सके। श्रीलंका के महेला जयवर्धने ने साल 2006 में 374 रनों का पारी साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली, लेकिन वह इस रिकॉर्ड से सिर्फ 26 रन दूर रह गए। उनके अलावा कोई भी अन्य खिलाड़ी पिछले 20 सालों में इतना करीब भी नहीं पहुंच सका है।

### 400 रन बनाने के बाद भी नहीं जीत सकी उनकी टीम

वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज के कप्तान ब्रायन लारा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 33 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया और कप्तान लारा बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर आए। पहले दिन...फिर दूसरा दिन और तीसरा दिन भी लगभग गुजर गया, लेकिन लारा बल्लेबाजी करते रहे। उन्होंने जैसे ही अपने 400 रन पूरे किए उन्होंने पारी घोषित कर दी। वेस्टइंडीज का स्कोर 751 पर 5 विकेट।

## भारत की प्लेइंग इलेवन में इस खिलाड़ी का खेलना पक्का



**नई दिल्ली, 17 सितम्बर 2024।** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज अब होने वाला है। पहले मुकाबले के लिए चेन्नई का स्टेडियम सजकर तैयार है। टीमों की तैयारी और रणनीति अब आखिरी चरण में है। इस बीच भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा मैच से ठीक दो दिन पहले मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान रोहित ने कई बातें की, साथ ही टीम के प्लेयर्स की जमकर तारीफ भी की। इस बातचीत से प्लेइंग इलेवन का भी अंदाजा लगने लगा है।

### रोहित ने की केएल राहुल की जमकर तारीफ

कप्तान रोहित शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए केएल राहुल की जमकर तारीफ की। रोहित ने कहा कि राहुल क्या कर सकते हैं, हम सभी जानते हैं। वे काफी प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। केएल राहुल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार शतक लगाया था, इसके बाद हैदराबाद में भी उन्होंने 80 से ज्यादा रन की पारी खेली। हालांकि दुर्भाग्य की बात है कि इसके बाद वे चोटिल हो गए और खेल नहीं पाए। रोहित ने साफ कहा कि उन्हें कोई कारण नहीं दिखता कि राहुल टेस्ट क्यों नहीं खेल सकते। रोहित ने साफ तौर पर तो नहीं, लेकिन बातों बातों में संकेत दे दिए हैं कि 19 सितंबर से होने वाले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में केएल राहुल का खेलना करीब करीब पक्का है। यानी हो सकता है कि सरफराज खान को पहले मैच में बाहर बैठना पड़े।

### रोहित बोले, हर सीरीज होने वाली है अहम

रोहित शर्मा ने ये भी कहा कि हर सीरीज अहम होती है। हमने भले ही टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया हो, लेकिन आपसी सीरीज भी काफी अहम होती है। उन्होंने कहा कि हम जितनी भी सीरीज खेल रहे हैं, उसे जीतना ही हमारा पहला लक्ष्य है। नए और उभरते हुए भारतीय खिलाड़ियों को लेकर रोहित शर्मा ने कहा कि यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को हमें आगे के लिए तैयार करना होगा। हालांकि यशस्वी जायसवाल ने मिले हुए मौकों का बेहतर उपयोग किया और अपने आप को साबित भी किया। सरफराज ने काफी निडर होकर खेला और ऐसा ही कुछ जुरेल ने भी करने में कामयाबी हासिल की है।

### चेन्नई में तैयारियों को लेकर काफी खुश दिखे रोहित शर्मा

चेन्नई में अपनी तैयारियों को लेकर रोहित शर्मा ने कहा कि चेन्नई में पूरी टीम ने कैंप किया और काफी कुछ सीखा। इससे पहले कुछ खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी में भी अपनी अपनी टीम के लिए खेलकर आए हैं। इसलिए आने वाली सीरीज काफी अच्छी जाने वाली है। जब उनसे पूछा गया कि इसी साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए ये दो टेस्ट ड्रेस रिहर्सल है। इस पर रोहित शर्मा ने कहा कि देश के लिए खेलते हुए हर सीरीज खास होती है। हमें इस सीरीज से भी डब्ल्यूटीसी यानी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए अंक लेने हैं। हम नए सीरीज की शुरुआत करने जा रहे हैं। उम्मीद है कि ये काफी अच्छी जाएगी।

## यूएसए में खेलेगा 900 से ज्यादा विकेट लेने वाला महान गेंदबाज



### 10 साल बाद होगी इस फॉर्मेट में वापसी

**निकारागुआ, 17 सितम्बर 2024।** क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में टी20 क्रिकेट सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। इस फॉर्मेट ने पूरी दुनिया में धूम मचा रखी है और यही वजह है कि इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके खिलाड़ी भी टी20 लीग में खेलने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। ऐसे ही क्रिकेटरों में अब एक महान गेंदबाज का नाम शामिल हो सकता है। ये महान गेंदबाज कोई और नहीं इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स एंडरसन हैं जिनके नाम टेस्ट में 704 विकेट दर्ज हैं। एंडरसन ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। रिटायरमेंट के बाद अब एंडरसन इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ बतौर बॉलिंग मेंटॉर जुड़े हुए हैं।

### वापसी की तैयारी में एंडरसन

दरअसल, जेम्स एंडरसन रिटायरमेंट के बाद एक बार फिर मैदान पर वापसी करने के मूड में हैं। जेम्स एंडरसन की 10 साल बाद ज्ञ20 क्रिकेट में वापसी हो सकती हैं, क्योंकि अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) की एक टीम ने 2025 सीजन के लिए उनको अपने साथ जोड़ने में दिलचस्पी दिखाई है। जुलाई 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 42 साल के इस गेंदबाज ने 2019 के बाद से कोई भी व्हाईट बॉल क्रिकेट नहीं खेला है। उनका आखिरी ज्ञ20 मैच लंकाशायर के लिए 2014 नेटवेस्ट ब्लास्ट फाइनल था। वहीं, इंग्लैंड के लिए उन्होंने आखिरी ज्ञ20 मैच 2009 में खेला था। स्र्ष्ट में जेम्स एंडरसन से पहले ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल और ट्रैविस हेड जैसे स्टार खिलाड़ी शिरकत कर चुके हैं।

### भारत के लिए शतक जड़ने वाली एकमात्र खिलाड़ी है हरमनप्रीत कौर?



**नई दिल्ली, 17 सितम्बर 2024।** महिला टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 3 अक्टूबर से यूएई में होने जा रहा है। टूर्नामेंट को लेकर सभी टीमें अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई हैं। भारतीय टीम हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में इस बार ट्रॉफी जीतने के इरादे से यूएई रवाना होगी। टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के लिए हरमनप्रीत सबसे सफल खिलाड़ी रही हैं। वह बेहतरीन कप्तान होने के साथ शानदार बल्लेबाज भी हैं।

## आईसीसी का टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए प्राइज मनी का ऐलान

**यूएई, 17 सितम्बर 2024।** महिला टी 20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन यूएई की धरती पर होना है। पहले इसका आयोजन बांग्लादेश में होना था। लेकिन वहां के राजनीतिक हालात को देखते फिर आईसीसी ने इसे यूएई में करवाने का फैसला किया। इस बार टी 20 वर्ल्ड कप में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसके शेड्यूल की घोषणा आईसीसी ने पहले ही कर दी है।

### विजेता को मिलेंगे 19 करोड़ रुपये

आईसीसी ने महिला टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए तकरीबन 7,958,000 (66,64,72,090 करोड़ रुपये) देने का ऐलान किया है, जो पिछले सीजन के दोगुने से भी ज्यादा है। विजेता की पुरस्कार राशि में भी 134 प्रतिशत की वृद्धि की गई है और विजेता बनने वाली टीम को अब 2,340,000 ( लगभग 19,59,88,806 करोड़) मिलेंगे। वहीं



उपविजेता रहने वाली टीम को .1170000 ( लगभग 9,79,78,432 करोड़ ) मिलेंगे।

विशेष रूप से, सेमीफाइनलिस्ट और ग्रूप स्टेज मैच विनर की पुरस्कार राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। सेमीफाइनल में हारने वाली दो टीमें 675,000 अमेरिकी डॉलर (5,65 करोड़) कमाएंगी, जो 2023 में 210,000 अमेरिकी डॉलर से 221त्न अधिक है। ग्रुप चरण के मैच जीतने वाली टीमें 31,154 अमेरिकी डॉलर घर ले जाएंगी।

### महिलाओं को पुरुषों के समान मिलेगी पुरस्कार राशि

आईसीसी के बयान के अनुसार महिला टी20 विश्व कप 2024 पहला आईसीसी टूर्नामेंट होगा जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान पुरस्कार राशि मिलेगी जो इस खेल के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। यह फैसला जुलाई 2023 में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में लिया गया जब आईसीसी बोर्ड ने अपने 2030 के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से सात साल पहले पुरस्कार राशि समान करने का निर्णय किया। इस तरह से क्रिकेट पहला प्रमुख खेल बन गया है जिसमें विश्व कप में पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि है।

# सचिन तेंदुलकर संग क्रिकेट डेब्यू,फिर बना बॉलीवुड स्टार

## शराब ने किया बर्बाद,अब ऐसी जिंदगी जी रहा श्श्श...कोई है एक्टर



एक्टर-क्रिकेटर सलिल अंकोला का जीवन और करियर कुछ ऐसा रहा कि इस पर फिल्म और वेब सीरीज बनाई जा सकती है। उनकी कहानी में थ्रिल, इमोशन, उतार-चढ़ाव के साथ और भी बहुत कुछ रहा, जो एक अच्छी फिल्मी कहानी का पूरक है। क्रिकेटर से अभिनेता बने इस खिलाड़ी का सफर लंबा और अलग-अलग मोमेंट से भरा रहा। उन्होंने महाराष्ट्र के लिए एक तेज गेंदबाज के रूप में शुरुआत की और फिर भारतीय राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई और आईसीसी विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व भी किया। हालांकि, करियर खत्म करने वाली चोट ने उन्हें अपनी राह बदलने पर मजबूर कर दिया। क्रिकेट की दुनिया छोड़ सलिल अंकोला फिल्मी दुनिया में आ गए। इस फील्ड में भी उन्हें सफलता मिली और फिल्मों के साथ ही उन्हें टीवी पर भी काफी काम मिला, लेकिन जीवन के उतार-चढ़ाव कम नहीं हुए।

### जब क्रिकेट से लिया संन्यास

इसके ठीक एक महीने बाद उन्होंने अपना वनडे डेब्यू किया। हालांकि उनका टेस्ट करियर छोटा रहा, लेकिन वे अगले आठ सालों तक वनडे टीम में बने रहे। यगां तक कि 1996 के विश्व कप में भी उन्होंने हिस्सा लिया। अपने करियर के दौरान, अंकोला ने 20 वनडे मैचों में 13 विकेट और अपने एकमात्र टेस्ट मैच में 2 विकेट लिए। साल 1997 तक राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद उन्होंने 28 साल की उम्र में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद ही उनके करियर में नया मोड़ आया और ये उन्हें एक अलग दुनिया में ले गया। नए सिरे से अंकोला ने सब कुछ री-स्टार्ट किया।

### फिल्मों में मिला काम

साल 2000 में अंकोला ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा, उन्होंने संजय दत्त अभिनीत कुरुक्षेत्र में सहायक भूमिका में अपनी फिल्मी शुरुआत की। बाद में वे पिता में नजर आए और जायद खान की पहली फिल्म में इनका किरदार एक विलेन का था। फिर साल 2003 में तुमने में इन्होंने खलनायक की भूमिका निभाई। बिग बॉस के पहले सीजन में भी एक्टर ने भाग लिया। इसके बाद उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में भी काम ऑफर होने लगा। देखते ही देखते फिल्मों से उनका ध्यान पूरी तरह टीवी पर शिफ्ट हो गया। कई हिट टीवी शोज का वो हिस्सा बने और इस बार उन्हें जो रोल ऑफर हुए वो फिल्मों से बेहतर थे। शशशश...कोई है और कोरा कागज से उन्हें एक अच्छे अभिनेता के रूप में पहचाना जाने लगा।

### टीवी पर किया कमबैक

साल 2008 में सलिल अंकोला की जिंदगी में एक बार फिर बड़ा स्पीड ब्रेकर आया, जिससे उनकी जिंदगी को बड़ा झटका लगा। अभिनय के अवसर खत्म होने के साथ एक्टर पैसों की तंगी से जूझने लगे। शराब की लत ने उनका स्वास्थ्य तो प्रभावित किया ही, इसके साथ ही उनका घर भी तोड़ दिया। 19 साल की उनकी शादी पल भर में टूट गई। लंबे वक्त तक वो रिहैब में रहे और फिर उन्होंने दोबारा एक्टिंग की दुनिया में वापसी की। साल 2013 में सलिल अंकोला ने टीवी शो सावित्री से वापसी की। फिर 2015 में कर्मफल दाता शनि में अहम भूमिका में नजर आए। इसी साल वो तमिल फिल्म पंबट्टम में दिखे और इसके अलावा उन्हें सीआईडी में भी अहम रोल निभाते देखा गया था। अब लगातार सलिल नए किरदार में ढलते दिख रहे हैं। क्रिकेट की दुनिया में भी अलग-अलग रोल में बीते सालों में वो नजर आ चुके हैं। अब वो अपनी दूसरी पत्नी और बेटी के साथ अच्छे दिन गुजार रहे हैं।

# कंगना शर्मा ने रिवीलिंग आउटफिट पहन दिए सेक्सी पोज



### एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान

फिल्म ग्रेट ग्रेंड मस्ती और उल्लू एप पर सबसे ज्यादा बार देखी जाने वाली वेब सीरीज मोना होम डिलीवरी फेम एक्ट्रेस कंगना शर्मा इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरों को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं।एक्ट्रेस कंगना शर्मा अपने बोल्ड व सेक्सी अवतार के लिए जानी जाती हैं. कंगना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बोल्डनेस का तड़का लगाने वाली एक्ट्रेस कंगना शर्मा इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों से तहलका मचा रही हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से सेक्सी तस्वीरें शेयर की हैं. कंगना ने एनिमल प्रिंटेड थाई-हाई स्लिट गाउन पहना है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले रखे हैं और सेक्सी पोज देते हुए नजर आ रही हैं. यूजर्स का एक्ट्रेस की खूबसूरती से नजरें हटाना मुश्किल हो रहा है. बॉलीवुड डिवा कंगना शर्मा का अपने फिटनेस के पीछे छिपे राज को लेकर कहती हैं कि वह अच्छी और हेल्थी डाइट फॉलो करती हैं।बता दें कि कंगना शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2012 में एक मॉडल के रूप में की थी। कंगना शर्मा हार्डी संधू का यार नी मइला, पूजा सिंह के परदें मैं फिर से, नछत्तर गिल का जान लेन तक, जॉनी सेठ का ब्यूटी ओवरलोड और इक्का के निंद्रा जैसे म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं।फैंस कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट ड्रॉप कर रहे हैं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि इंस्टाग्राम पर कंगना शर्मा की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।

# राज्य के 5 लाख 11 हजार परिवारों के आवास का सपना हुआ पूरा

## प्रधानमंत्री ने 2044 करोड़ रूपए की राशि का किया ऑनलाईन अंतरण

**रायपुर,17 सितम्बर 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने जन्मदिन के मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हजार से अधिक आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त 2044 करोड़ रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रान्सफर की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य मंत्रीगण की मौजूदगी में मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम राजधानी स्थित रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए. उन्होंने आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुए हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि समाज के गरीब और कमजोर तबके के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है. 10 सालों में हमने इस लक्ष्य को हासिल करने में शानदार सफलता अर्जित की हैं। इस मौके पर 23 हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके निर्मित आवासों की चाबी, आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र, द्वार तोरण, पूजा सामग्री प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन और दूसरी ओर प्रदेश के लाखों लोगों के आवास का सपने साकार हो रहा हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। लाभार्थियों का हमने पांव धोकर स्वागत किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान आम आदमी की सबसे बुनियादी आवश्यकताएं हैं, लेकिन आज़ादी के कई दशक बाद भी देश के करोड़ों नागरिकों के पास स्वयं का मकान नहीं हैं। आवासहीन परिवारों के मकान के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पूरे देश में 32 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, उनमें से लगभग 30 फीसदी आवास छत्तीसगढ़ को मिला है। यह राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री बनने के बाद हमने सबसे पहला काम 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी थी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हज़ार हितग्राहियों के खाते में पहली किश्त का अंतरण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसमें किसी भी तरह की कोताही और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीएम आवास योजना में एक रुपए की भी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो सीधे कलेक्टर के ऊपर कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया गया. उन्होंने लोगों से स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखने के साथ ही अपने घर एवं आस-पास के परिवेश सहित स्कूलों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की. उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी आदत में शामिल करना होगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के इतिहास को लिखने का दिन है. छत्तीसगढ़ के आवासहीन लोगों के जीवन में एक नई रोशनी मिलेगी. हमने जो वादा किया था, उसे आज पूरा किया है. यह सामाजिक न्याय और समरसता की दिशा में एक बड़ा कदम है. उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने 4 करोड़ आवास बनाकर गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है. इसके साथ ही मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ नए आवासों की स्वीकृति दी गई है जिससे यह योजना और अधिक प्रभावी हो रही है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है. सरकार बनते ही हर महीने 25 हजार नए आवास बनकर तैयार हो रहे हैं. एक लाख 96 हजार आवास बनकर तैयार हो गए हैं. इसके अलावा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 24 हजार आवास भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से अब तक छत्तीसगढ़ को 8 लाख 47 हजार आवास आवंटित किए गए हैं,जबकि 47 हजार आवास मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के लिए एक बड़ा उपहार है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो रहा है. गांव-गांव में जिन लोगों के नाम सर्वे सूची में नहीं आए हैं उनके नाम भी अब सूची में जोड़े जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर आधारित तकनीकी मार्गदर्शिका का विमोचन और गृह पोर्टल का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पोर्टल आवास योजना को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगा और हितग्राही बिना किसी कठिनाई के अपने घर का निर्माण कार्य कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, पद्मश्री अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू और गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे।




### मुख्यमंत्री साय ने श्रम विभाग की नई वेबसाइट श्रमेव जयते किया लॉन्च



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में श्रम विभाग की वेबसाइट श्रमेव जयते को बटन दबाकर लॉच किया। इस वेबसाइट के डिज़ाइन को बेहतर बनाने के साथ डैशबोर्ड भी बनाया गया है। यह द्वि-भाषायी रहेगा जिससे हिन्दी और इंग्लिश, दोनों भाषा में सामग्री उपलब्ध रहेगी। यह नई वेबसाइट मोबाइल फ्रेंडली भी रहेगी।

वेबसाइट में ई-टिकटिंग प्रणाली श्रमिकों के शिकायत निवारण प्रणाली को सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर आसान बनाया है। इसमें आई शिकायत का समाधान भी सात दिन में किया जाएगा ऐसा न होने पर मामला ऑनलाइन उच्च अधिकारियों तकचला जाएगा। सम्मेलन में 0771 3505050 हेल्पलाइन नंबर भी उपस्थित श्रमिकों के साथ साझा किया गया।

### एक रुपए की भी वित्तीय शिकायत आती है तो सीधे कलेक्टर पर होगी कार्रवाई : सीएम विष्णुदेव साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इंडोर स्टेडियम में आयोजित मोर आवास, मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री लखन लाल देवांगन, मंत्री दयाल दस बघेल, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पूरे देश में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास का 30 प्रतिशत आवास हमारे छत्तीसगढ़ में स्वीकृत हुआ है, यह बड़ी बात है। आवास पूर्ण होने के बाद आज जिनका गृहप्रवेश हो रहा है, उन्हें बहुत बहुत बधाई। प्रधानमंत्री आवास के लिए किसी को भी एक पैसा देने की जरूरत नहीं है, अगर एक रुपए की भी वित्तीय शिकायत आती है तो सीधे कलेक्टरों पर कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आज 8 लाख 46 हजार 932, शहरी आवास योजना के 23 हजार 71 हितग्राहियों के आवास का सपना पूरा हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के चरण पखारे। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर आधारित तकनीकी मार्गदर्शिका का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गृह पोर्टल लांच किया, जिसकी मदद से आवास योजना के हितग्राही भवन निर्माण संबंधित जानकारी ले सकेंगे। मुख्यमंत्री साय ने राजधानी के इंडोर स्टेडियम में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मोर आवास, मोर अधिकार कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीएम साय ने कहा आज हमारे छत्तीसगढ़ वासियों, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी भाई-बहनों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री उड़ीसा से प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त जारी कर, जिनका आवास पूरा हो गया है, उन्हें गृह प्रवेश भी करवाएंगे। आज विश्वकर्मा जयंती की आप सभी को शुभकामनाएं। आज के ही दिन हमारे आधुनिक भारत के विश्वकर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है, हम सभी उनके दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं।

### श्रमिकों को 5 रूपए में मिलेगा भरपेट भोजन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रमिक सम्मेलन में श्रमिकों के हित में दो महत्वपूर्ण घोषणा की। - प्रदेशभर में श्रमिकों को 5 रूपए में भरपेट भोजन मिल सके इसलिए अन्नपूर्णा दाल-भात केंद्र खुलवाने की घोषणा। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्ननिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना शुरू करने की घोषणा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि मंडप में राज्यस्तरीय श्रमिक सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक ख़ुशवंत साहेब, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा उपस्थित रहे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री साय ने 57 हजार श्रमिकों के खातों में 49.43 करोड़ रुपए की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से ट्रांसफर किया।


### भूपेश बघेल का बयानः एक लोटा जल चढ़ा दो और जीवन में कुछ काम मत करो



**रायपुर,17 सितम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने मंगलवार को सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान दिया, जिस पर बीजेपी के हमले की आशंका है। बघेल ने कहा, एक लोटा जल चढ़ा दो और जीवन में कुछ काम मत करो, न बच्चों को पढ़ाओ, न खेत में काम करो, सब कुछ ठीक हो जाएगा।

### विश्वकर्मा जयंती पर शिल्प के देवता की पूजा विधि विधान से हुई

**रायपुर,17 सितम्बर 2024(ए)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर शिल्प के देवता की पूजा राजधानी स्थित गोगांव, उरला, सरोरा, बिरगांव एवं सिलतरा में स्थापित



कल कारखानों में विधि विधान से संपन्न हुई। शहर के अनेक इलाकों में सुबह से ही विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भक्तों में उत्साह देखा गया। कही कही पर संस्थानों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की पूजा संपन्न की गई। विभिन्न समाचार पत्रों के कार्यालयों, कंप्यूटर सेंटर सहित दुपहिया- चौपहिया वाहनों एवं आटोमोबाईल संस्थानों में भी पूजा का आयोजन किया गया।

### दाल मिल में लगी भीषण आग

#### मौके पर पहुंचे दमकलकर्मी

**भिलाई,17 सितम्बर 2024(ए)।** मंगलवार की सुबह दुर्ग जिला अंतर्गत जेवरा सिरसा की राइस मिल में भीषण आग लग गई। समाचार लिखे जाने दोपहर 12



बजे तक दमकल विभाग के एक दर्जन से अधिक कर्मी आग पर काबू पाने कड़ी मशक्कत कर रहे थे। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## सेंट जेवियर्स स्कूल मामलाः डीईओ पर उठने लगे सवाल...

» बार बार बना रहे जांच कमेटी कार्रवाई का नाम नहीं...

» सेंट जेवियर्स ग्रूप को दे रहे विशेष अभयदान...




**बिलासपुर,17 सितम्बर 2024 (ए)।** भारी दबाव के बीच डीईओ टी आर साहू ने सेंट जेवियर्स ग्रुप के चार स्कूलों को सीबीएसई से एफिलेशन नहीं मिलने की शिकायत की जांच के लिए फिर से नई कमेटी बना दी है। ध्यान देने वाली बात यह है कि कमेटी में दो वही चेहरे हैं, जो पिछली जांच कमेटी में शामिल थे, जिन्होंने तय समय में जांच कर रिपोर्ट नहीं दी थी। अब फिर से उन्हीं चेहरों को जांच का जिम्मा सौंपने से डीईओ की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।

एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने 4 माह पहले डीईओ और कलेक्टर को एक शिकायत कर यह दावा किया है कि सेंट जेवियर्स ग्रुप के सिरगिट्टी, जबड़ापारा सरकंडा, उसलापुर और कोटा में संचालित स्कूलों को सीबीएसई से एफिलेशन नहीं मिला है, इन स्कूलों को जिला शिक्षा विभाग से सिर्फ 8वीं तक कक्षा संचालित करने की अनुमति मिली हुई है, लेकिन इन स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड से एफिलेशन मिलने का झूठा दावा करते हुए हाईस्कूल की कक्षाएं संचालित की जा रही है। मामले की शिकायत पर डीईओ साहू दिखावे के लिए जांच टीम बना रहे हैं, लेकिन अब तक दो कमेटियों ने रिपोर्ट नहीं दी है। समय पर रिपोर्ट नहीं देने पर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने बीते दिनों समर्थकों के साथ डीईओ का घेराव किया था। उसी दिन डीईओ साहू ने मामले की जल्द जांच कराने का फिर आश्वासन दिया, लेकिन एनएसयूआई नेता इस बार उनकी बातों पर भरोसा नहीं किए। वे जांच रिपोर्ट देने की तारीख लिखकर देने पर अड़े रहे। अलबत्ता, डीईओ साहू ने उन्हें लिखकर दे दिया है कि 20 सितंबर को उन्हें जांच रिपोर्ट दे दी जाएगी। यह जांच रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी डीईओ ने नोडल अधिकारियों को दिया है। उनसे दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी गई है। यह आदेश 11 सितंबर को जारी हुआ है। नई टीम में भी दो पुराने चेहरे ही हैं, इससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब ये अधिकारी इससे पहले जांच कर रिपोर्ट नहीं दिए तो अब क्या गारंटी है कि ये अब जांच रिपोर्ट देंगे। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह का कहना है कि बार बार जांच टीम गठित करने से ये तो साबित हो गया है कि सेंट जेवियर्स ग्रुप के उक्त चारों स्कूलों में फर्जी तरीके से हाईस्कूल की कक्षाएं संचालित की जा रही है। उनका कहना कि अगर इस बार समय पर जांच रिपोर्ट नहीं दी गई तो डीईओ, जांच अधिकारी और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया जाएगा। इनसे कोर्ट में जवाब मांगा जाएगा।

### जादू-टोना के शक में पूरे परिवार की हत्या,17 आरोपी गिरफ्तार

**सुकमा,17 सितम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में हेड-कॉन्स्टेबल और उसके परिवार की बर्बर हत्या ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। पुलिस ने इस दिल दहला देने वाली घटना में 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। यह हत्याकांड जादू-टोने के शक के चलते अंजाम दिया गया।

पुलिस के अनुसार, रविवार शाम इटकल गांव में गांववालों ने जादू-टोना करने के आरोप में हेड-कॉन्स्टेबल और उसके परिवार के 5 सदस्यों को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। घटना मुरलीगुड़ा कैंप के पास की है। आरोपियों को शक था कि इस परिवार ने उनके ऊपर जादू-टोना किया था, जिससे गुस्साए गांववालों ने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस ने सभी 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में




पेश करने की तैयारी कर ली है। इस वीभत्स घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।



## बेमेतरा में मचा भयंकर बवाल

#### कांग्रेसी और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के बीच मारपीट,दोनों पक्षों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज

**बेमेतरा,17 सितम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना में मारपीट का मामला सामने आया है. पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा गणेश पंडाल के कार्यक्रम में गए हुए थे। इस दौरान उन्हें काला झंडा दिखाने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के कार्यकर्ता पहुंचे थे। इसी मामले को लेकर देर रात कांग्रेसियों और क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हुई। घटना की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल देर रात बेमेतरा पहुंचे और थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया. वहीं कांग्रेसियों ने भी थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस मामले में बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू ने बताया कि बेरला थाना क्षेत्र के सरगा गांव में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यक्रम में क्रांति सेना के कार्यकर्ता काला झंडा दिखाने पहुंचे थे। इस पर पहले गांव वालों ने मना किया। उसके बाद इसी बात को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं के बीच विवार हुआ। मारपीट भी हुई। इस मामले में फिलहाल बेरला थाने और कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही. वहीं आरोपियों की पतासाजी भी की जा रही है।

## फिलिस्तानी झंडे को लेकर 5 के खिलाफ एफआईआर दर्ज




**बिलासपुर,17 सितम्बर 2024 (ए)।** देश दुनिया में कल यानि सोमवार को इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैह वसल्लम के यौमे विलादत (जन्मदिन) पर ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान शहर के तारबाहर इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने फिलिस्तीन का झंडा फहराया दिया। इस बात की जानकारी जैसे ही हिन्दू जागरण मंच को हुई, संगठन के सदस्यों ने तारबाहर थाने पहुंचकर इसका कड़ा विरोध जताया और आरोपियों की गिरफ़्तारी की मांग करते हुए थाने के घेराव कर दिया। हिन्दू संगठनों ने इस कृत्य को देश विरोधी बताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तुरंत फिलिस्तीनी झंडा हटाया। करीब 16 संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। अब तक की जांच के आधार पर पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह मामला भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की धारा 197(2) के तहत दर्ज किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय अखंडता को नुकसान पहुंचाने के आरोप शामिल हैं। इस धारा के तहत दोषियों को 5 साल तक की सजा हो सकती है। एफआईआर के अनुसार, सभी आरोपी तारबाहर क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस अभी अन्य संदिग्धों की संलिप्तता की जांच कर रही है और संभावित रूप से और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। सीएसपी कोतवाली पूजा कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजी से कार्रवाई की जा रही है। पुलिस फिलहाल अन्य संदिग्धों की पहचान और जांच में लगी है, ताकि जल्द ही पूरी स्थिति साफ हो सके।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)